**सुविचार**

कभी भी किसी को भला बुरा कहने से पहले यह अवश्य सोच ले कि यदि वही शब्द कोई आपसे कहे तो आपको कैसा प्रतीत होगा।

हिंदी दैनिक

# द फोटोन न्यूज

सच के हक में...

झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार, 06 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 80 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com

E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com




प्रियंका के बाद बॉलीवुड पॉलिटिक्स में खुलकर बोले विवेक
08


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 59,689.31 |
| निफ्टी | : | 17,557.05 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,780 |
| चांदी | : | 80.057 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (गुरुवार) : 06.08

सेहरी (शुक्रवार) : 04.19

**ब्रीफ न्यूज**

### पिता की हत्या के जुर्म में पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

**गोड्डा :** प्रधान जिला न्यायाधीश देवेंद्र कुमार पाठक की कोर्ट ने बुधवार को आरोपित पुत्र सचिंद्रनाथ ठाकुर उर्फ जीवेश ठाकुर को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और दस हजार रुपये जुमार्ना की सजा ससुनाई। रकम मां को दिया जाना है। पैसा नहीं दिए जाने की स्थिति में सजा की अवधि एक वर्ष अतिरिक्त बढ़ जाएगी। जीवेश घटना के दिन से ही जेल में है। मामला मुफ्फसिल थाना अंतर्गत लुकलुकी गांव का है। रिटायर्ड सरकारी कर्मी कलानंद ठाकुर पत्नी बुलबुल देवी और बेटे जीवेश ठाकुर के साथ घर पर ही रहते थे। घटना जुलाई 2020 की है। आरोप है कि रात में किसी बात को लेकर पिता-पुत्र में विवाद हुआ। मामला बढ़ते देख मां बीच-बचाव के लिए पहुंची तो जीवेश ने आवेश में आकर पिता पर लोहे के रॉड से वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रधान न्यायाधीश देवेंद्र पाठक की अदालत ने दोनों पक्षों की ओर से बहस होने के बाद फैसला सुनाया।

### जमशेदपुर में इन्फ्लूएंजा के दो संक्रमित मरीज मिले

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर जिले में इन्फ्लूएंजा के दो संक्रमित मरीज मिले हैं। एक मरीज में इन्फ्लूएंजा बी विक्टोरिया जबकि दूसरे में इन्फ्लूएंजा ए एच 3 एन 2 की पुष्टि हुई है। राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है। बताया जाता है कि टीएमएच जमशेदपुर में भर्ती 16 वर्षीय युवक और पांच वर्षीय बच्चे में इनफ्लुएंजा की पुष्टि हुई। दोनों में हल्के लक्षण हैं, जिनका इलाज टीएमएच में किया जा रहा है। 16 मार्च से लेकर अब तक राज्य में इनफ्लुएंजा के कुल नौ पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इनमें इनफ्लुएंजा ए एच3एन2 के 7 जबकि इनफ्लुएंजा बी विक्टोरिया के 2 मरीज मिले हैं। इनमें सात मरीज स्वस्थ हो गए हैं। फिलहाल दो मरीजों का इलाज चल रहा है। इनफ्लुएंजा ए, बी से ज्यादा खतरनाक है।

### पलामू से पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू से पांच लाख का इनामी माओवादी कमांडर नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया को जख्मी हालत में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से कई हथियार बरामद किये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक पलामू के पांकी बॉर्डर से गिरफ्तारी की गई है। फिलहाल, पुलिस गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ कर रही है। बता दें कि चतरा में हुई पुलिस और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 25 लाख के इनामी नक्सली समेत 5 माओवादियों को मार गिराया था। कई नक्सली अपनी जान बचाकर भाग निकले थे। मुठभेड़ से भागे पांच लाख के इनामी माओवादी कमांडर नंदकिशोर यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी, ईमानदारी पूर्वक करें काम : हेमंत

## सीमए ने नवनियुक्त 173 चिकित्सा और 297 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

**वरीय संवाददाता, रांची।**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को रिम्स ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में नवनियुक्त 173 चिकित्सा पदाधिकारियों तथा 297 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने राज्य से एनीमिया मिटाने के संकल्प के साथ एनीमिया किट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आप सभी लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, लग्न एवं पूरी ईमानदारी पूर्वक करेंगे। आप की पोस्टिंग जहां भी होगी वहां के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए आप सभी सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। सोरेन ने कहा कि वैसे सुदूर क्षेत्र जहां के ग्रामीणों को रिम्स पहुंचने में समय लगता है या वे रिम्स नहीं पहुंच पाते हैं उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी अब आप सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों के कंधों पर है। मुख्यमंत्री ने सभी चिकित्सा पदाधिकारियों से कहा कि आज से सरकार आपकी जिम्मेदारी ले रही है और आज से ही इस राज्य के गरीबों के स्वास्थ्य की रक्षा की जिम्मेदारी आपको लेनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार आज के इस तकनीकी युग में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, उसी प्रकार स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। आज चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र के साथ रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) परिसर में नवनिर्मित अकादमी भवन का उद्घाटन एवं कार्डियोलॉजी एवं रेडियोलॉजी विभाग के चार महत्वपूर्ण मशीनों का लोकार्पण भी किया गया है। इन आधुनिक तकनीकों से लैस मशीनों के अधिष्ठापन से यहां इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराया जा सकेगा। वैसे तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने-अपने स्तर पर कई संस्थाएं कार्य कर रही हैं, लेकिन झारखंड की बात करें तो यहां 70 से 80 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और इन ग्रामीण लोगों को आज भी सरकारी व्यवस्थाओं पर विश्वास है।



रिम्स में आयोजित समारोह में नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देते सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

**गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना लक्ष्य**

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार कल्याणकारी सोच के साथ सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को समान नजर से देखने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। आज हम रिम्स परिसर के अलग-अलग विभागों में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मशीनें लगा रहे हैं ताकि जरूरतमंद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा दे सकें। आने वाले समय में भी स्वास्थ्य क्षेत्र में कई और महत्वपूर्ण कड़ियां जुड़ेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले भी हमारी सरकार ने बड़ी संख्या में आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दिया था और आज भी बड़ी संख्या में नियुक्तियां दी जा रही हैं। आने वाले समय में भी बड़ी संख्या में चिकित्सकों, नर्सों सहित अन्य पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि संकल्प के साथ कार्य करते हुए हम सभी लोग मिलकर इस राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की सोच को साकार करेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा दे सकें, इस निमित्त हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### स्वस्थ झारखंड-समृद्ध झारखंड के सपने को करेंगे साकार : बन्ना

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोविड-19 के समय धैर्यपूर्वक बिना डरे-सहमे ऐतिहासिक कार्य कर झारखंड में लोगों की जान बचाने का कार्य कर दिखाया है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व के लिए मैं उन्हें अपनी ओर से धन्यवाद तथा आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार की ओर से 173 चिकित्सा पदाधिकारी एवं 297 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिला है। लोग चिकित्सकों को भगवान का दूसरा रूप मानते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी नवनियुक्त चिकित्सा पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे। मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड निरंतर समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है। आगे भी बेहतर कार्य करते हुए हमारी सरकार स्वस्थ झारखंड और समृद्ध झारखंड के सपने को साकार करेगी।



# गुमला में नोटों से भरे पांच बैग में पांच करोड़ बरामद, एक गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, गुमला।**

जिला पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक यात्री बस से पांच बैग से पांच करोड़ बरामद किए हैं। साथ ही एक शख्स को पुलिस ने पकड़ा है।

इस मामले में बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम बताया कि मंगलवार रात व्यक्ति को बस से पकड़ा गया। इसके बाद बरामद बैग को रात में ही दंडाधिकारी कि मौजूदगी में एक कमरे में सील कर दिया गया और इसकी जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दी गई। उन्होंने बताया कि उन्हें इस बारे में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने हाइवे पर नाका लगाकर चेकिंग अभियान चलाया।

इसी दौरान बस में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने चार बड़े बैग और एक छोटे बैग को चिन्हित किया। इन बैग से पांच करोड़ कैश थे। कैश मिलने के बाद रांची में इनकम टैक्स विभाग को इसकी जानकारी दी गई। उन्हें जैसे ही एक व्यक्ति के पास से पांच करोड़ मिलने की सूचना मिली वह एक्टिव हो गए। एक पांच सदस्यीय टीम इंवेस्टिगेशन के लिए गुमला पहुंच गई। एसपी ने बताया कि अभी पकड़े गए व्यक्ति से और पूछताछ की जा रही है। हालांकि, उन्होंने ये जानकारी नहीं दी की गिरफ्त में आया व्यक्ति ने इस बात की जानकारी दी है या नहीं कि पैसे किसके हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुट गई है कि पकड़े गए व्यक्ति के पास से इतने कैश कहां से आए। मामला हवाला कारोबार से जुड़े होने की भी आशंका जताइ जा रही है।



पैसों से भरा बैग ● फोटोन न्यूज

# कुड़मियों को एसटी में शामिल करने की मांग सड़क व रेल मार्ग किया जाम, कई ट्रेनें रहीं रद

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राज्य के कुड़मियों को एसटी में शामिल करने की मांग को लेकर बुधवार को दो जगहों पर रेल का चक्का जाम कर दिया गया। खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन एवं आद्रा मण्डल के कुसतौर स्टेशन पर आदिवासी कुड़मी समाज के लोग रेल की पटरी पर बैठ गए। कुड़मी समाज के लोगों का कहना है कि उनका रेल रोको अभियान अनिश्चितकालीन है। इससे रेल यातायात बुरी तरह से प्रभावित रही।

आंदोलन के चलते पांच अप्रैल के लिए आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन रद्द करना पड़ा। कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए। इससे ट्रेन यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खड़गपुर रेलवे मंडल से खुलने वाली करीब छह दर्जन ट्रेन सेवाओं को रद्द कर दिया। कुछ के रूट डायवर्ट कर दिए गए। सबसे अधिक असर हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग और कोलकाता-बहरागोडा सड़क मार्ग पर इसका असर पड़ा।

इधर, रांची रेल मंडल ने आठ ट्रेनों की सेवाएं रद्द करने का फैसला किया। ट्रेन संख्या 08641आद्रा-बरकाकाना मेमू पैसेंजर यात्रा को रद्द कर दिया गया। इसी तरह 5 अप्रैल की तारीख में ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टीलसिटी-आसनसोल मेमू पैसेंजर ट्रेन यात्रा, ट्रेन संख्या 18085 खड़गपुर-रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा, ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा, ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा, ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा, ट्रेन संख्या 22891 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा और ट्रेन संख्या 03598 आसनसोल-रांची मेमू पैसेंजर यात्रा सेवा को स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा ये ट्रेनें रद्द रहीं।



रेल की पटरी में बैठ प्रदर्शन करते कुड़मी समाज के लोग ● फोटोन न्यूज

**ये ट्रेनें रहीं रद**

- ट्रेन संख्या 18116 चक्रधरपुर-गोमोह-एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 13301 धनबाद-टाटानगर-एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 18183 टाटानगर-दानापुर-एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 08173/08174 टाटानगर-आसनसोल टाटानगर मेमू स्पेशल
- ट्रेन संख्या 18184 दानापुर-टाटानगर एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 08054/08055 खड़गपुर-टाटानगर-खड़गपुर मेमू स्पेशल
- ट्रेन संख्या 08060/08059 टाटानगर-खड़गपुर-मेमू स्पेशल
- ट्रेन संख्या 12814 टाटानगर-हावड़ा स्टील एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12021 हावड़ा-बारबिल-जनशताब्दी एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 12871 हावड़ा-टिटलागढ़ इस्पात एक्सप्रेस
- ट्रेन संख्या 08160 टाटानगर-खड़गपुर मेमू स्पेशल
- ट्रेन संख्या 08071 खड़गपुर-टाटानगर मेमू स्पेशल

## ईडी-सीबीआई दुरुपयोग मामले में 14 विपक्षी दलों को सुप्रीम कोर्ट से झटका, याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा

# राजनेताओं के लिए अलग गाइडलाइन नहीं बनाई जा सकती

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल को लेकर 14 विपक्षी दलों की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई से इनकार करते हुए विपक्षी दलों को कड़ी पटकार भी लगायी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने बुधवार को कहा कि राजनेताओं के लिए अलग से गाइडलाइन नहीं बनाई जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली याचिका पर कहा, किसी खास मामले के तथ्यों के बिना आम दिशा-निर्देश तय करना संभव नहीं है। विपक्षी दलों को फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब आपके पास कोई व्यक्तिगत आपराधिक मामला हो या कई मामले हों तो हमारे पास वापस आएं। सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बाद विपक्षी दलों ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाली याचिका वापस ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी है।



**याचिका की 5 बड़ी बातें...**

- गिरफ्तारी व रिमांड के लिए सीबीआइ व ईडी अधिकारी ट्रिपल टेस्ट का इस्तेमाल करें।
- कोर्ट गंभीर शारीरिक हिंसा छोड़ अन्य अपराधों में गिरफ्तारी पर रोक लगाए।
- अगर आरोपी तय शर्तों का पालन नहीं करता है तो उन्हें कुछ घंटों की पूछताछ या फिर हाउस अरेस्ट की अनुमति ही दी जानी चाहिए।
- जमानत एक अपवाद वाले सिद्धांत का पालन अदालतों द्वारा ईडी व सीबीआई के केसों में भी किया जाना चाहिए।
- जहां पर ट्रिपल टेस्ट का पालन किया गया है, वहां पर जमानत से इनकार किया जाना चाहिए।

**कांग्रेस की अगुआई में 14 विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था :** गौरतलब है कि कांग्रेस की अगुआई में 14 विपक्षी दलों ने केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। विपक्षी दलों ने अपनी याचिका में विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाया था। विपक्षी दलों ने भविष्य के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की थी। याचिका दायर करने वाली पार्टियों में कांग्रेस के अलावा द्रविड़ मुनेत्र कषगम, राष्ट्रीय जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), झारखंड मुक्ति मोर्चा, जनता दल (यूनाइटेड), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, समाजवादी पार्टी और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस शामिल थे।

# ईडी की टीम ने साहिबगंज खनन कार्यालय में खंगाले दस्तावेज



साहिबगंज पहुंची ईडी की टीम

**वरीय संवाददाता, साहिबगंज।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम बुधवार को जिला खनन कार्यालय पहुंची और खनन पदाधिकारी विभूति कुमार के कार्यालय में कागजातों की जांच शुरू की। आरएस पांडेय के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम आधा घंटा तक खनन कार्यालय में कागजात को खंगालने के बाद महादेवगंज की तरफ रवाना हो गई।

ईडी की टीम अवैध खनन से जुड़े 100 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के लिए महादेवगंज सहित अन्य इलाकों में पहुंची। ईडी अधिकारियों के साथ मंडरो के सीओ और सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक ईडी मंडरो प्रखंड में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन के आरोप में यह कार्रवाई कर रही है। ईडी को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष रिपोर्ट पेश करनी है। ईडी की टीम ने खनन कार्यालय में खदान और क्रशर के कागजात की जांच की। इस मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और पत्थर कारोबारी बच्चू यादव जेल में हैं।

भाजपा के जन चौपाल कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सरकार पर साधा निशाना, कहा

# राज्य में भ्रष्टाचारियों की सरकार चल रही

**संवाददाता, लातेहार।**

भाजपा का जन चौपाल कार्यक्रम जिले के हेरहंज प्रखंड अंतर्गत आराहारा गांव में बुधवार को आयोजित हुआ। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में झारखंड राज्य में भ्रष्टाचारियों की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि जेएमएम यानी झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी तथा भ्रष्ट कांग्रेस जनता को बरगलाकर सरकार बनाई और अपनी लूट नीति को जारी रखा।

दास ने कहा कि वर्तमान की सरकार ने चुनाव से पहले जनता से जो भी वादे किए थे उनमें से एक भी वादे पूरे नहीं किए। चाहे बेरोजगारों को रोजगार देने की बात हो, चाहे बेरोजगारी भत्ता देने की बात हो। सभी वादे धरे के धरे रह गए । उन्होंने कहा कि इस सरकार से किसी का भला होने वाला नहीं है। क्योंकि, इस सरकार में शामिल लोग गरीब जनता को इंसान ही नहीं समझते।



जन चौपाल में बोलते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास। ● द फोटोन न्यूज

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उनकी सरकार थी तो इसी प्रकार जन चौपाल लगाकर लोगों की समस्या सुनी जाती थी परंतु वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार खतियान जोहार यात्रा निकालकर फर्जी विकास के आंकड़े गिना रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में सिर्फ कागज में विकास हो रहा है। पूर्व विधायक हरि कृष्ण सिंह और पूर्व विधायक प्रकाश राम समेत अन्य नेताओं ने भी आम लोगों को संबोधित किया और झारखंड सरकार पर कटाक्ष किया ।

इससे पहले जन चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित आम लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा, जिसमें प्रमुख रूप से सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, आवास आदि के मामले थे।

कार्यक्रम में लातेहार विधानसभा के भारी संख्या में कार्यकर्ता और आमलोग उपस्थित थे।

## अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा आम आदमी : रघुवर

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि तीन साल तक हम लोगों ने इंतजार किया अब इंतजार की घड़ी घड़ी खत्म हो गई है। हम सभी अब जन चौपाल में जाकर जनता के साथ सीधा संवाद करेंगे।

रघुवर दास बुधवार को परिसदन में पत्रकारों से कहा कि जन चौपाल में अधिकांश महिलाएं यह कहती हुई सुनी गई की उन्हें पांच माह से पेंशन की राशि नहीं मिली है, जो स्थिति सामने में दिख रही है उसके अनुसार यहां पर जमीनी हकीकत बिल्कुल शून्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा 11 अप्रैल को राज्यव्यापी आंदोलन की शुरुआत करने जा रही है। इस आंदोलन के माध्यम से वर्तमान राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लोगों से आह्वान किया जाएगा।

रघुवर ने कहा कि आम आदमी अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। लोग अब चुनाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं ।वर्तमान राज्य सरकार जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाकर तीन वर्ष पांच महीनों के अंदर सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने पलामू के बारे में कहा की यहां की मुख्य समस्या सिंचाई और पेयजल की है। हमारी सरकार जब थी तो सिंचाई और जल की समस्या को देखते हुए कनहर सिंचाई योजना पर काफी हद तक काम कराने का कार्य किया था। मंडल डैम का पुनर्निर्माण के लिए काम शुरू कराया गया लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने अडंगा डालकर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध बालू का धंधा चरम पर है। वर्तमान सरकार ने आज तक बालू की नीलामी नहीं होने दी है।



पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि पलामू और गढ़वा में बालू की अधिकता है यहांबअवैध कारोबार किसके संरक्षण में चल रहा है लोग जानते हैं। इसके विरोध में बोलने पर फर्जी मुकदमा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का दुर्भाग्य रहा है कि जब जब यहां गठबंधन की सरकार बनी तब तब झारखंड का नुकसान हुआ है। मौके पर जिला विधायक आलोक चौरसिया, अध्यक्ष विजयनंद पाठक, महिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता समेत कई नेता उपस्थित थे।

## कैबिनेट के मंत्री कितने विफल, सीएम करें स्पष्ट : दीपक प्रकाश

**संवाददाता, रांची।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी ने भाजपा के आरोपों की पुष्टि कर दी लेकिन सार्वजनिक बयान देकर अपने पार्टी के मंत्रियों को अपमानित किया है। कांग्रेस प्रभारी ने अपने वक्तव्य से राज्य सरकार की क्रियाकलापों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है।

प्रकाश ने कहा कि प्रदेश भाजपा लगातार राज्य सरकार की विफलताओं को सदन से सड़क तक उजागर कर रही है। यह भी सच है कि हेमंत सरकार की लूट और झूठ में कांग्रेस पार्टी बराबर की भागीदार है। मुख्यमंत्री को कांग्रेस प्रभारी के द्वारा मंत्रियों के संबंध में दिए गए बयानों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सरकार के मुखिया के नाते उन्हें पूरी तरह पता होगा कि कांग्रेस के मंत्रियों में कौन कितना और किस तरह विफल साबित हुआ है।



दीपक प्रकाश। ● द फोटोन न्यूज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के तानाशाही वाले बयान पर कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद तानाशाही की फैक्टरी है। तानाशाही कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस का इतिहास पार्टी के व्यक्ति विशेष और परिवार विशेष की तानाशाही से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चाहे सांगठनिक निर्णय हों या कांग्रेस की सरकारों के निर्णय हों अनेक बार तानाशाही उजागर हुई है।

## आजसू ने स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में बुधवार को चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के संघर्ष की वीर गाथा पर चर्चा हुई। सतीश ने कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक रघुनाथ महतो ने अंग्रेजी हुकूमत के काले कानून के खिलाफ चुआड विद्रोह का शंखनाद कर लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। आजसू पार्टी ने आज राज्यभर में शहादत दिवस मनाकर रघुनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।



श्रद्धांजलि देते आजसू कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष संतन मेहता ने कहा कि भूमि कर लगान कं बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ शहीद रघुनाथ महतो ने संघर्ष को मुकाम तक पहुंचाया था। केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो के साथ इतिहासकारों ने न्याय नहीं किया है। हालांकि, इतिहास के पन्नों पर चुआड विद्रोह की चर्चा की गई है। केन्द्रीय सचिव बबलू गुप्ता ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो ने अंग्रेजों की तानाशाही के खिलाफ आन्दोलन का ज्वार पैदा किया था।

कार्यक्रम में बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला, महिला जिलाध्यक्ष प्रमिला मेहता सहित कई लोग शामिल हुए।

## अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भारत-जापान के बीच हुआ करार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत और जापान देशो ने रक्षा अंतरिक्ष और साइबर जैसे नए और उभरते क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमत जताई है। रक्षा सचिव ने 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में निवेश के अवसरों को देखने के लिए जापानी उद्योगों को आमंत्रित किया है। दोनों देशों ने रक्षा वार्ता और अभ्यासों के माध्यम से सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को सराहा।

भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उपमंत्री ओका मसामी ने बुधवार को नई दिल्ली में 7वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता की सह-अध्यक्षता की। भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता के दौरान सैनिक अभ्यास और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।



7वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता में उपस्थित दोनों देशों के प्रतिनिधि। ● एजेंसी

बैठक के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। जापानी उप मंत्री ने हाल ही में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय रक्षा रणनीति के नीति संबंधी अपडेट भी प्रस्तुत किए।

दोनों देशों ने रक्षा वार्ता और अभ्यासों के माध्यम से सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को सराहा। इस साल जनवरी में भारतीय वायु सेना और जापानी वायु आत्मरक्षा बल के बीच जापान में हुए औपचारिक लड़ाकू अभ्यास 'वीर गार्जियन' को सराहते हुए संबंधित रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। रक्षा सचिव ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों को अपने-अपने रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग मजबूत करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत में निवेश के अवसरों को देखने के लिए जापानी रक्षा उद्योगों को भी आमंत्रित किया।

दोनों पक्ष रक्षा अंतरिक्ष और साइबर जैसे नए और उभरते क्षेत्रों में विविध सहयोग पर सहमत हो गए। भारत और जापान ने मजबूत रक्षा साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के अवसर पता लगाने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीखों पर अगली रक्षा नीति वार्ता आयोजित करने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा नीति वार्ता द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा करने के लिए भारत और जापान के बीच एक संस्थागत तंत्र है।

## धामी सरकार ने की हर वर्ष 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान' देने की घोषणा

**एजेंसी, देहरादून।**

उत्तराखंड सरकार पहली बार कुमाउंनी,गढ़वाली के साथ लोक भाषाओं और लोक साहित्य में प्रतिवर्ष 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान' देगी। इसके साथ ही 4 नवोदित उदयीमान लेखकों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाएगा।

वर्ष 2014 के बाद बुधवार को सचिवालय में पहली बार भाषा संस्थान की प्रबन्ध कार्यकारिणी और साधारण सभा की बैठक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अध्यक्षता में हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रथम बार लोक भाषाओं और लोक साहित्य में कुमाउंनी, गढ़वाली, अन्य उत्तराखंड की बोलियों, उपबोलियों, पंजाबी और उर्दू में दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन, अनवरत साहित्य सेवा व हिन्दी में उत्कृष्ट महाकाव्य, खण्डकाव्य रचना, काव्य रचना कथा साहित्य व अन्य गद्य विधाओं के लिए प्रतिवर्ष उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान प्रदान करने घोषणा की।

इसके साथ ही गढ़वाली, कुमाउंनी और जौनसारी तीन लोक भाषाओं और हिन्दी भाषा में 4 नवोदित उदयीमान लेखकों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाएगा। उत्कृष्ट साहित्यकारों को आगामी मई माह में उक्त पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।



प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में सीएम पुष्कर सिंह धामी व अन्य। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड के ऐसे रचनाकारों, जो अथार्भाव के कारण अपनी पुस्तकों का प्रकाशन नही करा पाते हैं, उन्हें उत्तराखंड भाषा संस्थान की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में आंशिक अनुदान दिए जाने के प्रस्ताव पर भी स्वीकृति दी।

मुख्यमंत्री ने राज्य के प्रत्येक जनपद में राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय भाषा सम्मेलन आयोजन करने के निर्देश भी दिए। यह भाषा संस्थान की एक बहुआयामी योजना होगी। इसमें शोध पत्रों का वाचन, भाषा संबंधी विचार विनिमय, साहित्यिक शोभा यात्रा, लोक भाषा सम्मेलन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने राज्य के प्रत्येक जनपद के 01 प्राथमिक विद्यालय में डिजिटल ई-पुस्तकालय स्थापित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में राज्य में नेशनल बुक ट्रस्ट के साथ मिलकर पुस्तक मेले का आयोजन और पुस्तक मेले में साहित्यिक संगोष्ठियों के आयोजन पर भी स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही राज्यभर में सुविख्यात लेखकों की व्याख्यान मालाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमारी लोक भाषाएं और बोलियां हमारी पहचान और गौरव है। राज्य सरकार स्थानीय भाषाओं, बोलियों व संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरन्तर प्रयासरत है।

## युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्ति का किया विरोध

**रांची** : राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्ति के विरोध में 5 अप्रैल बुधवार को रांची जिला युवा कांग्रेस ने ओरमांझी टोल प्लाजा की नाकेबंदी की। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. टोल प्लाजा जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई।

इस मौके पर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार सनी ने कहा कि आज का आंदोलन सांकेतिक था, ताकि मोदी सरकार होश में आ जाए. युवा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ हैं. युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी की आवाज दबाने के लिए बदले की कार्रवाई के तहत संसद की सदस्यता समाप्त की गई है. उन्होंने मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर राहुल गांधी को सजा दी जा रही है. मोदी सरकार बताये कि अडानी की कंपनी में 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं. प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन ने कहा कि आम जनता की जमापूंजी और बैंकों का पैसा अडानी पर लुटाया जा रहा है. आंदोलन में जिला के सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ओरमांझी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गण शामिल थे।

लातेहार : सत्याग्रह आंदोलन में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर किया प्रहार

## केंद्र सरकार और भाजपा लोकतंत्र की कर रही हत्या : अविनाश पांडेय

**संवाददाता, लातेहार।**

कांग्रेस के सत्याग्रह आंदोलन के तहत लातेहार जिला मुख्यालय में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कि केंद्र सरकार विपक्ष को सवाल उठाने पर भी प्रतिबंध लगा रही है। सरकार अपने मित्रों के खिलाफ एक भी शब्द सुनने को तैयार नहीं है। राहुल गांधी ने अडानी के खिलाफ बोला तो उनके साथ कैसा व्यवहार किया गया यह जनता देख रही है। आने वाले समय में जनता इसका जवाब जरूर देगी।



सत्याग्रह आंदोलन में जनसभा को संबोधित करते अविनाश पांडेय। ● द फोटोन न्यूज

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रावधान है कि यदि किसी सांसद को सजा होती है तो उसकी सदस्यता कम से कम 16 दिनों के बाद समाप्त होनी चाहिए लेकिन यहां 24 घंटे के अंदर राहुल गांधी की सदस्यता छीन ली गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चारों और नफरत का माहौल फैला हुआ है। केंद्र सरकार की विभाजन कारी नीतियों के कारण लोग एक दूसरे को शक की दृष्टि से देख रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर भाजपा राज कर रही है।

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने देश को सच्चाई से रूबरू का कराने का काम किया तो भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार ने उन्हें संसद से बाहर कर दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र सिंह आदि लोगों ने भी जनसभा को संबोधित किया और केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार किया। वक्ताओं ने आम जनता से अपील किया कि केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जागरूक हो और उसकी खिलाफत करें। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज 44वां स्थापना दिवस मनाएगी प्रदेश भाजपा, तैयारियां पूरी

**संवाददाता, रांची।**

प्रदेश भाजपा गुरुवार को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस बूथ स्तर तक धूमधाम से मनायेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें कार्यालय एवं घरों पर पार्टी का झंडा लगाना, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन सुनना और फिर दीवारों पर कमल निशान पोतना जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रातः 8.30 बजे प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पार्टी का ध्वज लगाएंगे। इसके बाद 9.30 बजे पूर्वाह्न से प्रदेश कार्यालय के सभागार सहित सभी जिला, मंडल के कार्यालयों, बूथों पर कार्यकर्ता ध्वज लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का संबोधन सुनेंगे।

जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष एवं मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष पार्टी का ध्वज लगाएंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दीवार पर कमल निशान बनाकर अभियान की शुरूआत करेंगे। इसके एक घंटा बाद सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष दीवार पर कमल निशान बनाएंगे। इसके एक घंटा बाद जिला अध्यक्ष और फिर एक घंटा बाद मंडल अध्यक्ष दीवार पर कमल निशान बनाएंगे।

### ब्रीफ न्यूज

#### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को सौंपा 'जनजाति गौरव' पुस्तक

**रांची/नई दिल्ली :** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा से अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री संदीप कविश्वर प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को शास्त्री भवन स्थित मंत्रालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समाज के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और संस्थान द्वारा प्रकाशित 'जनजाति गौरव' पुस्तक सप्रेम भेंट की।

#### उत्तराखंड से आये अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो से बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में उत्तराखंड से आए अधिकारियों की टीम ने मुलाकात की। टीम में उत्तराखंड वित्त विभाग एवं उत्तराखंड विधानसभा के अधिकारी शामिल थे। यह टीम गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के विधानसभाओं के दौरे पर है, जो ऑनलाइन प्रश्न उत्तर प्रणाली के क्रियान्वयन एवं विधानसभा से जुड़ी अन्य कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी एकत्रित कर रही है। अधिकारियों ने झारखंड विधानसभा के अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

#### खूंटी युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली सत्याग्रह पदयात्रा

**खूंटी :** युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को नेताजी सुभाष चौक से भगत सिंह चौक तक पदयात्रा निकाली। इसका नेतृत्व खूंटी जिलाध्यक्ष कुणाल कमल और कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने किया। युवा कांग्रेस की झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष, खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत और खूंटी जिला सह प्रभारी शादाब खान ने कहा कि हम सब राहुल गांधी के साथ हैं। इस मौके पर खूंटी जिला विस सूत्री सदस्य मो सोहैल अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष मो उस्मान खान, नगर महासचिव शकील, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, मुरहू प्रखंड अध्यक्ष मो नौशाद खान, बहा मुंडा, निकोदीन, आनंद, शहाबुद्दीन आदि उपस्थित थे।

#### खूंटी में भाजपा का सामाजिक समरसता सप्ताह शुरू

**खूंटी :** जिला भाजपा 16 अप्रैल तक कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसकी शुरूआत पांच अप्रैल से सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह के रूप में हुई। बताया गया कि छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर खूंटी के कार्यकर्ता को अपने-अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाएंगे और बूथ स्तर पर कार्यक्रम करेंगे। इसी दिन सुबह 9.45 बजे प्रधानमंत्री का भाषण कार्यकर्ता सुनेंगे। सात अप्रैल को जिला कार्यालय में भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा जिले के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। आठ अप्रैल को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा अस्पतालों में फलों का वितरण और अन्य सेवा कार्य करेंगे। 13 अप्रैल को भाजपा एससी मोर्चा द्वारा जिले में विभिन्न स्थलों में स्थापित डॉ अंबेडकर की मूर्ति की सफाई एवं मल्यार्पण किया जाएगा। 14 अप्रैल को समरसता दिवस मनाया जाएगा। 15 को भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा जिले भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और 16 अप्रैल को भाजयुमो द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

#### प्रधानमंत्री से सांसद सुदर्शन भगत ने की मुलाकात

**गुमला :** सांसद सुरदर्शन भगत ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेट की। सांसद सुदर्शन भगत ने प्रधानमंत्री को गुमला जिले के डुमरी में स्थापित प्राचीनतम शिव मंदिर, बाबा टांगीनाथ का चित्र भेंट किया। प्रधानमंत्री ने सांसद से पूरे संसदीय क्षेत्र के संबंध पूछा। सांसद से संसदीय क्षेत्र में केंद्र की योजनाओं सहित सम्पूर्ण विकास योजनाओं की जानकारी ली।

# गोला गोलीकांड : पूर्व विधायक ममता और राजीव जायसवाल को हाईकोर्ट से मिली बेल

## कागजी प्रक्रिया के बाद जेल से बाहर आ पाएंगी सजायाफ्ता रामगढ़ की पूर्व विधायक


झारखंड हाईकोर्ट

**विशेष संवाददाता, रांची।**

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट ने बुधवार को गोला गोलीकांड के एक मामले में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल को मिली सजा को चुनौती देने वाली क्रिमिनल अपील की सुनवाई की। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद ममता देवी एवं राजीव जायसवाल को जमानत प्रदान कर दी। रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी हजारीबाग जेपी केंद्रीय कारा से बुधवार को बाहर नहीं आ पायीं। हाईकोर्ट से मिला जमानत आदेश देर शाम तक काराधीक्षक के पास नहीं पहुंचा था। आदेश आने का इंतजार जेपी केंद्रीय कारा में किया गया। काराधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने बताया कि न्यायालय का आदेश आते ही जेल की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**देर शाम तक इंतजार करते रहे कार्यकर्ता**

हाईकोर्ट से ममता देवी को बेल मिलने की सूचना के बाद कांग्रेस के कई नेता व समर्थक जेपी केंद्रीय कारा मार्ग में शाम तक इंतजार करते रहे। दो मामलों में बेल बॉन्ड भराना है। पूर्व विधायक ममता देवी पर 29 अगस्त 2016 को रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र की आइपीएल कंपनी में रैयतों के आंदोलन विवाद को लेकर मामला दर्ज किया गया था। इस घटना को लेकर दो मामला कोर्ट में चल रहा था। हजारीबाग एमएलए-एमपी कोर्ट कुमार पवन की अदालत ने एक मामले में दो वर्ष की सजा और पांच हजार रुपये जुमार्ना लगाया था। दूसरे मामले में पांच वर्ष की सजा सुनायी गयी थी।

दो वर्ष की सजा के मामले में छह अप्रैल को हजारीबाग न्यायालय में बेल बॉन्ड भरने की प्रक्रिया पूरी होगी, वहीं पांच वर्ष सजा मामले में पांच अप्रैल को उच्च न्यायालय से बेल मिली है। उच्च न्यायालय का आदेश हजारीबाग न्यायालय को छह अप्रैल को आने की उम्मीद है। इसके बाद बेल बाउंड की प्रक्रिया पूरी होगी। सात अप्रैल गुड फ्राइडे का अवकाश है। इस कारण ममता देवी को जेल से बाहर आने में तीन से चार दिन का समय लग सकता है।

## हाईकोर्ट ने न्यूक्लियस मॉल मामले में सेना की याचिका को किया खारिज

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने बुधवार को जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर यूनियन ऑफ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की याचिका पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सेना के अधिकारियों की याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। केंद्र सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार एवं अधिवक्ता प्रभात कुमार सिन्हा ने पैरवी की। सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन रहा है वह सेना की जमीन के बगल में है। खेलगांव में सेना की जमीन के निकट एनसीसी अर्बन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बहुमंजिला इमारत बनाया जा रहा है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था।

प्रतिवादियों की ओर से कहा गया कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 का गाइडलाइन इसमें अप्लाई होता है, जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है।

## घाघीडीह जेल के कैदी मनोज सिंह हत्याकांड के सभी दोषी बरी

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय और अम्बुज नाथ की अदालत में बुधवार को जमशेदपुर के घाघीडीह जेल के कैदी मनोज सिंह हत्याकांड के सभी दोषियों को सजा मुक्त कर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सभी दोषियों को बरी कर दिया है। निचली अदालत से दोषी करार दिए गए लोगों की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता एके कश्यप, अधिवक्ता विकास कुमार और अनुराग कश्यप ने पक्ष रखा। वर्ष 2022 में जमशेदपुर कोर्ट ने वासुदेव महतो, अरूप कुमार बोस, अजय मल्लाह, गोपाल तिरिया, श्यामू जोजो, शिव शंकर पासवान, गंगा खंडैत, जानी अंसारी, पंचानंद पात्रो, पिंकू पूर्ति, संजय दिग्घी, शरद गोप, राम राय सुरीन को फांसी की सजा सुनाई थी। जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी मृतक मनोज सिंह टेल्को का रहने वाला था और गैंगस्टर अखिलेश सिंह गिरोह से उसका संबंध था।

## हजारीबाग एसिड पीड़िता के इलाज का खर्च राज्य सरकार उठाएगी : हाईकोर्ट

**दिसंबर 2019 का मामला**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले पर सुनवाई हुई।

हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। सुनवाई करते हुए मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह पीड़िता के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स, रांची में कराएं। उसके इलाज का खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में मामले के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है और उन्हें मामले के अनुसंधान की वर्तमान स्थिति के बारे में बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान पीड़िता कोर्ट में वर्चुअल मोड में उपस्थित थी। उसने एसिड पिलाने की घटना की पुष्टि की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से दो महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी।

## रांची हिंसा: 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त (10) ने बुधवार को रांची मेन रोड हिंसा मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। इसके बाद अब कोर्ट ट्रायल की प्रक्रिया शुरू करेगा। कोर्ट ने जिन आरोपियों के खिलाफ आरोप गठित किया है, इनमें मो. अफसर, मो. शाहबाज, मो. उस्मान, तबारक कुरैशी, अफसर, अरमान हुसैन, मो. रमजान, मो. अमजद, मो. माज, मो. सरफराज और मो. इरफान के नाम शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ 147, 148, 149, 120(बी), 295(ए), 153(एए), 153(ए), 341, 332, 333, 353, 307, 379, 511, 324, 325, 326 और आर्म्स एक्ट की धारा 27 समेत प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत ट्रायल चलेगा। इस संबंध में रांची सीओ अशोक भगत द्वारा डेली मार्केट थाना में कांड संख्या 17/2022 दर्ज करवाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता नूपुर शर्मा के दिए गए बयान के विरोध में 10 जून, 2022 को जुमे की नमाज के बाद रांची के मेन रोड में जमकर हिंसा हुई थी। इसमें आरोपियों के भड़काने पर भीड़ ने मंदिर पर पथराव किया था, जिसे रोकने गई पुलिस पर हमला किया गया। इसमें रांची के तत्कालीन एसएसपी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस हिंसा के दौरान हुई गोलीबारी में दो की मौत भी हुई थी। सीआईडी इस मामले की जांच कर रही है। यह मामला हाई कोर्ट में भी चल रहा है।

## पूजा सिंघल पर 10 को आरोप गठन

**रांची :** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल बुधवार को ईडी कोर्ट में उपस्थित हुई। कोर्ट से पूजा सिंघल ने समय देने का आग्रह किया। इसके बाद कोर्ट ने आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की। पूजा सिंघल की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया कि गुरुवार को उनके एक मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में है इसलिए उन्हें समय दिया जाए।

उल्लेखनीय है कि तीन अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनके खिलाफ अब आरोप गठन होना है। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप गठित कर चुकी है। फिलहाल पूजा सिंघल दो माह की अंतरिम जमानत पर है।

## वसूली करने वाली इंफोर्समेंट टीम को बचा रही नगर निगम, आरटीआई से नहीं दे रही सूचना

### चिन्हित इंफोर्समेंट कर्मियों पर हुई कार्रवाई की दी आधी-अधूरी जानकारी

**द फोटोन न्यूज संवाददाता, रांची**


दीपेश कुमार निराला




निगम के वसूली करने वाली इंफोर्समेंट टीम को नगर निगम बचा रही है। ऐसा कहना है रांची सिटीजन फोरम के संयोजक दीपेश कुमार निराला का। चूंकि उनके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाओं का सही जवाब नहीं दिया जा रहा। उनके द्वारा बीते दस फरवरी को रांची नगर निगम के जन सूचना पदाधिकारी को एक सूचना आवेदन भेजकर उनके इंफोर्समेंट टीम से जुड़े 9 बिंदुओं पर सूचना की मांग की गई थी। जिसपर 30 दिनों की निर्धारित अवधि समाप्त होने पर भी रांची नगर निगम के जन सूचना पदाधिकारी द्वारा आवेदक को सूचनाएं और उनसे संबंधित कागजातों की सर्टिफाइड कॉपी नहीं दी गई। इसके बाद 27 मार्च को प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर की गई। इसके बाद आवेदक को रांची नगर निगम के जन सूचना पदाधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त का एक पत्र प्राप्त हुआ, लेकिन उसपर सूचनाएं आधी-अधूरी थी।

दीपेश के अनुसार दिनांक छह अगस्त 2022 को स्थानीय अखबार में अवैध वसूली करने वाले इंफोर्समेंट टीम के 12 सदस्यों पर कार्रवाई से संबंधित खबर के संबंध में पूछने जाने पर जवाब दिया गया कि मांगी गई सूचना सूचना संधारित नहीं है। जबकि पांच अगस्त 2022 को मेयर द्वारा इंफोर्समेंट टीम के कार्यों की समीक्षा के बाद प्राप्त शिकायतों के आधार पर इंफोर्समेंट टीम के लोगों को चिन्हित करते हुए उनके ऊपर अपर नगर आयुक्त को कार्रवाई करने का निर्देश से संबंधित खबर का प्रकाषन हुआ था। प्रकाशित खबर के बावजूद सहायक नगर आयुक्त द्वारा लिखित रूप में यह कहना कि संबंधित सूचना संधारित नहीं है, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत कतई उचित नहीं है।

**पुलिस वाली वर्दी पहनने के सवाल पर भ्रामक सूचना**

इंफोर्समेंट टीम का पुलिस के समान वर्दी पहनने के बिंदु पर भ्रामक सूचना देते हुए अस्पष्टता का सूचना जन सूचना पदाधिकारी ने दिया है, इस पर आवेदक दीपेश कुमार निराला ने कहा है कि अगर इंफोर्समेंट टीम को पुलिस के समान वर्दी पहनने का अधिकार है, तो उसका स्पष्ट प्रावधान सूचना का अधिकार के तहत आवेदक को उपलब्ध कराया जाना चाहिए, इसलिए अब वह इस पर अग्रतर कार्रवाई करेंगे और न्याय में उपलब्ध उपचारों का सहारा लेते हुए मांगी गई वांछित सूचनाओं को प्राप्त करेंगे।

## महिला और दो बच्चों की हत्या कर जलाया, जंगल में झुलसी मिली लाश

### पति संदेह के घेरे में, दो दिन पहले थाने में दर्ज कराइ थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**


मृतक ममता देवी, आर्यन और यशराज विजेंद्र की फाइल फोटो

राजधानी रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र स्थित बरदा जंगल से एक महिला और उसके दो बच्चों का जला हुआ शव बरामद किया गया। तीनों को बेरहमी से मारकर जला दिया गया। शव मिलने क बाद उसकी पहचान में पुलिस जुटी थी, इसबीच तीनों शवों की पहचान देर शाम हुई। बरामद शव बासल के रहने वाले विजेंद्र राम की पत्नी और दो बच्चों के हैं। एक महिला और दो बच्चों की जली अवस्था में शव मिलने की सूचना मीडिया में चलने के बाद विजेंद्र रामगढ़ से ठाकुरगांव थाना पहुंचा। उसने अपनी पत्नी की दांतों को देखकर उसकी पहचान की। जिन तीन लोगों का शव बरामद किया गया है, उनमें 25 वर्षीय ममता देवी जो विजेंद्र की पत्नी है। वहीं 8 वर्षीय आर्यन और 4 वर्षीय यशराज विजेंद्र के बेटे हैं।

**विजेंद्र ने पत्नी के लापता होने की दर्ज कराई थी शिकायत**

विजेंद्र ने पुलिस को बताया है कि वह महाराष्ट्र में नौकरी करता है। दो अप्रैल को रांची लौटा था। रांची में एक दिन रहने के बाद वह रामगढ़ तीन अप्रैल को पहुंचा। वहां उसे यह पता चला कि उसकी पत्नी और बच्चे गायब हैं। जिसके बाद उसने उनके गुमशुदगी से संबंधित मामला बासल थाने में दर्ज करवाया था। पुलिस को शक है कि इस हत्याकांड में विजेंद्र का भी हाथ हो सकता है। हालांकि विजेंद्र ने अब तक इस हत्याकांड में अपनी संलिप्तता से इन्कार किया है। विजेंद्र ने पुलिस को बताया है कि घर पहुंचने पर उसकी मां ने उसे बताया कि उसकी पत्नी और दोनों बच्चे गायब हैं।

### पुलिस अधिकारियों और जवानों ने जेल के कोने-कोने की ली तलाशी

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी नहीं मिली कोई आपत्तिजनक सामान

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**


छापेमारी के दौरान सदर एसडीओ दीपक दुबे, सीटी एसपी शुभांशु जैन व अन्य अधिकारी ● फोटोन न्यूज

राजधानी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बुधवार तड़के सदर एसडीओ दीपक दुबे के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने जेल के अंदर प्रत्येक सेल की गहन तलाशी ली। मौके से कोई भी आपत्तिजनक सामान पुलिस के हाथ नहीं लगे। छापेमारी के कारण जेल में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। छापेमारी में सिटी एसपी शुभांशु जैन, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सिटी डीएसपी रांची दीपक कुमार, सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार, साइबर डीएसपी यशोधरा समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

राज्य में ईडी और आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद कई लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग केस के कई प्रमुख आरापी भी इसी जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी और बच्चू यादव इस समय इसी जेल में बंद हैं। जेल में छापेमारी के पीछे सबसे बड़ी वजह है मोबाइल फोन है। हालांकि पहली बार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी नहीं हुई है। इससे पहले भी दिसंबर 2022 में छापेमारी हुई थी। रांची के साथ धनबाद और हजारीबाग स्थित जेलों में बंद गैंगस्टर्स द्वारा मोबाइल-सेलफोन के जरिए गिरोह ऑपरेट करने की खबर आयी थी। इसके बाद छापेमारी की गयी थी।

## ऑटिज्म पीड़ित परिवार को सरकार देगी आर्थिक सहायता : छवि रंजन

**रांची :** ऑटिज्म एक चुनौती है। शुरूआती दौर में इसे पहचानना मुश्किल है, लेकिन हम सब मिल कर इसे हरा सकते हैं। इसके लिए हमें लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे के माता-पिता कैसी परिस्थिति से गुजरते हैं, इसकी कल्पना करना बेहद मुश्किल है। लेकिन परिवार के सहयोग से ये बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं। ये बातें राज्य निःशक्तता आयुक्त छवि रंजन सिंह ने बुधवार को श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान में विश्व ऑटिज्म दिवस पर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि राज्य में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों का डेटाबेस हमारे पास नहीं है।

## इंटर की परीक्षा छह से, केंद्रों पर 11 अप्रैल तक धारा-144 लागू

**वरीय संवाददाता, रांची।**

झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से आयोजित वार्षिक इंटरमीडिएट व्यावसायिक परीक्षा छह अप्रैल से 11 अप्रैल तक निर्धारित है। प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:45 बजे से अपराह्न एक बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराह्न दो बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक परीक्षा केंद्र एलईबीबी हाई स्कूल, ओसीसी कंपाउंड, नियर बड़ा तालाब आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी और एसएसपी ने बुधवार को पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। परीक्षा में संलग्न छात्र एवं उनके अभिभावक परीक्षा केन्द्र पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी सदर धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निम्नलिखित निषेधाज्ञा जारी की गयी है। पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा सरकारी कार्यक्रम एवं शवयात्रा को छोड़कर)। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना। किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे-बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद आदि लेकर चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर)।

## ब्रीफ न्यूज

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजी गईं आईएएस हिमानी पांडे

**रांची :** भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी व खाद्य सार्वजनिक वितरण उपभोक्ता मामले के विभाग की प्रधान सचिव हिमानी पांडे को संयुक्त सचिव उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग भारत सरकार के पद पर योगदान करने के लिए विरमित कर दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### चाईबासा : मनरेगा में गड़बड़ी मामले की हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची :** हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को चाईबासा में मनरेगा घोटाला की सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले में राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 5 जुलाई को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि इससे संबंधित मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में जो प्राथमिकी दर्ज की गई थी, उसकी वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वित्तीय वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है।

### डीएवी कपिल देव कडरू में एलकेजी के बच्चों का किया गया स्वागत



**रांची :** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू में आज एलकेजी के बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।इस अवसर पर प्राचार्य श्री सिन्हा ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों के साथ समय बिताएं और उन्हें मोबाइल से दूर रखें। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों से हमेशा बातचीत करें और सकारात्मक बातें सिखाएं। स्वागत समारोह के अवसर पर छात्रों ने वैदिक नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही 'स्कूल चले हम' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर अदित्री सिंह ने प्रेरणादायक कविता सुनाई। समारोह में यूकेजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में एलकेजी और यूकेजी के शिक्षक समेत अन्य वरीय शिक्षक भी मौजूद थे।

### एनआईए ने आठ नक्सलियों को मोस्ट वांटेड घोषित किया

**रांची :** राज्य के सरायकेला-खरसांवा जिले के तिरूलडील थाना के पांच पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोपित आठ नक्सलियों को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मोस्ट वांटेड घोषित कर दिया है। उन पर 19 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। इन नक्सलियों में सचिन मार्डी, अमित मुंडा, प्रभात मुंडा, गुलशन मुंडा, रवि, अतुल महतो, प्रदीप मंडल और एनम हस्सा पूर्ति शामिल हैं। बताया जाता है कि 14 जून 2019 को सरायकेला जिले के तिरूलडीह के कुकुरूहाट बाजार में इन भाकपा माओवादियों ने पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। हमले में पांच पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। वायरलेस के जरिए थाने को सूचना न दी जा सके, इसके लिए वायरलेस भी लूट लिया था।

### आम सूचना

"पिठौरिया थाना कांड सं0 145/16 के फरार अभियुक्त (01) जलील अंसारी पिता अलीमुद्दीन अंसारी पता नीचे मोहल्ला थाना– पिठौरिया जिला राँची एवं (02) जमीलुद्दीन अंसारी पिता अलीमुद्दीन अंसारी पता– नीचे मोहल्ला थाना– पिठौरिया, जिला रांची के विरुद्ध दिनांक 25/02/23 को ईश्तेहार का विधिवत तामिला करा दिया गया है, परंतु अभी तक वे माननीय न्यायालय मे समर्पण नही किये है, अतः उन्हें इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जल्द से जल्द माननीय न्यायलय सुश्री कावेरी कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, सदर कोर्ट, रांची मे आत्मसमर्पण करे अन्यथा कुर्की की कारवाई की जाएगी।"

## ब्रीफ न्यूज

### स्वर्गीय नारायण जायसवाल की पुण्यतिथि मनायी गयी

**रामगढ़ :** आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड के प्रांगण में स्वर्गीय नारायण जायसवाल की तीसरी पुण्यतिथि रामगढ़ न्यू बस स्टैंड के प्रांगण में मनायी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से आजसू मजदूर यूनिएन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ के अध्यक्ष नीरज मंडल के द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर राह गिरों के बीच खीर वितरण की गई। मौके पर स्टैंड यूनियन के अध्यक्ष नीरज मंडल, स्वर्गीय नारायण जायसवाल के पुत्र रंजीत जायसवाल, टिंकू जायसवाल, हर्षित जायसवाल, पुनित जायसवाल, शिवम जायसवाल, दुर्गा जैसवाल, विनोद जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सचिव अमजद हुसैन उर्फ रिंकू खान), रंजित जायसवाल, बलराम यादव, मो अनवर खान, मो तस्लीम, टीके सिंह, बिमलेश झा, शंभू झा, दीपक वर्मा, मो अख्तर, शिव प्रसाद, किशोर जयसवाल, दिलीप अग्रवाल, जमाल, हलिम खान, रहूप खान सहित अन्य लोग शामिल थे।

### वीर शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि मनायी गयी

**रामगढ़ :** भारत के प्रथम स्वंतंत्रता सेनानी वीर शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि आजसू पार्टी नगर परिषद कार्यालय में मनायी गयी। नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता शहीद रघुनाथ महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए। साथ ही उपस्थित सभी लोग उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिए। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि रघुनाथ महतो एक भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे, जिन्होने 1769–78 में अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। चुआड़ विद्रोह, छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह था। उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ नारा दिया अपना देश अपना गांव दूर भगाओ विदेशी राज। मौके पर मुख्य रूप से वार्ड पार्षद देवधारी महतो, राजेन्द्र महतो, गोपाल राम, माधो महतो, बलदेव महतो, फूलचंद महतो, राजेश राम, कल्लू राम, सुजीत राम आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

### पार्षद संगीता देवी ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**रांची :** वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत गीतिल कोचा ममें गोपाल राय के घर से लेकर जेबी सोरेन के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का वार्ड पार्षद अर्जुन यादव एवं पूर्व वार्ड 8 के पार्षद संगीता देवी के द्वारा शिलान्यास किया गया इस अवसर पर यादव ने कहा कि मैं हमेशा ही अपने जनता के प्रति सजग रहा जनता की हर इच्छा को पूरा करने का कोशिश किया चाहे वह राशन कार्ड हो वृद्धा पेंशन हो या आरसीसी नाली पीसीसी पथ अपने वार्ड में निर्माण कार्य कराने के लिए नगर निगम से एवं नगर विकास से योजना लाकर अपने वार्ड को विकास करने में जनता के सहयोग से अहम भूमिका निभाया और मैं हमेशा ही आपका सहयोग के लिए आपका साथ कदम से कदम मिलाकर 24 घंटा तैयार हूं क्योंकि आप लोग का प्यार सहयोग मुझे हमेशा ही मिलता रहे जिसे मैं विकास कर पाया और आगे करता रहूंगा आपका प्यार दुलार सहयोग मिला तो आगे भी मैं इसी तरह विकास करता रहूंगा। कार्यक्रम में उदय कच्छप, संगीता कश्यप, बिरसा मुंडा, दीपक सोरेन, बरला किरण, श्यामू राम, दिनेश्वर, मंटू तिवारी, हरि राय सहित मोहल्ले के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बाबू जगजीवन राम की मनायी गयी जयंती

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदानंद रोड में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व मे बाबू जगजीवन राम का जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री केदार पासवान, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर, वशिष्ठ लाल पासवान, सुरेन राम, जगदीश साहू, प्रकाश राम सोनी नायक, प्रदीप अंबेडकर, राजीव सुमन, बंसत पासवान, मुकेश कुमार राम ,नरेश राम ,रंजीत बाउरी, महावीर मिर्धा, संदीप यादव, विनय कुमार,महेश साहू, जएेनूल हक अंसारी,आदि अनूसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### मंडा पूजा 17 व 18 अप्रैल को

**बुढ़मू :** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में ग्रामीणों की बैठक बुधवार को जनार्दन साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 17 व 18 अप्रैल को मंडा पूजा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 17 अप्रैल को फुलखुन्दी तथा 18 अप्रैल को झूलन सह मेला आयोजित करने का निर्णय हुआ। मंडा पूजा के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। कमेटी में अध्यक्ष परिबा साहु, सचिव रामप्रवेश साहु तथा सचिव अजय कुमार बनाये गए। वहीं कमेटी में मुख्य संरक्षक पंसस भुनेश्वर साहु, संरक्षक जनार्दन साहु, संदीप साहु, विश्वनाथ मुंडा, बसंत मुंडा चुने गये।

### स्कूल आने वाले नये बच्चों का किया गया स्वागत

**रांची :** नीरजा सहाय डीएवी कांके में नन्हे बच्चों का पूरे जोश एवं स्नेह पूर्वक किया गया। विद्यालय का प्रारंभिक शिक्षा उत्थान कार्यक्रम संभाग के शिक्षकों ने पूरे रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया। प्राचार्या किरण यादव ने विद्यालय के सर्वोत्तम नवोन्मेषी व्यवहारों से उन्हें परिचित कराया और कहा कि आपने जिन आशाओं–आकांक्षाओं के साथ अपने जिगर के टुकड़ों को हमारे सुपुर्द किया है। हम उन पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और हमारे इस प्रयास में आपकी सहभागिता अपरिहार्य है। अभिभावकों ने भी हर्ष प्रकट किया तथा नव सत्र में अपेक्षित सहयोग का वादा किया। मौके पर शिक्षक एवं शिक्षाकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिले में चल रही विकास कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

**संवाददाता, रामगढ़।**



समीक्षा बैठक में उपस्थित उप विकास आयुक्त व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

रामगढ़ उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने बुधवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने पोटो हो खेल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से ली एवं जिन प्रखंडों में कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनसे संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध शतप्रतिशत कार्य करने का निर्देश दिया।

मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मिशन अमृत सरोवर के तहत प्राप्त नए लक्ष्य की जानकारी देते हुए कार्य प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, आधार सीडिंग योजना आदि की समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी ली एवं कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस का प्रखंडवार जायजा लिया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं यथाशीघ्र कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने ज्यादा से ज्यादा कार्य दिवस सृजित करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने जिले के प्रत्येक गांव में ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर उनमें मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी जे०ई० को एम०बी० एंट्री का कार्य यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति, प्रथम किस्त का भुगतान, आवास पूर्णता, अंतिम किस्त का भुगतान एवं लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्ण एवं संचालित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा डीआरडीए, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों, सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया में भ्रामक खबर फैलाना गैरकानूनी : एसएसपी

**बुढ़मू :** सोशल मीडिया में भ्रामक खबर फैलाना गैरकानूनी है। कोई भी इस तरह की खबरों को वायरल करता है तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और साइबर क्राइम आम बात हो गयी है किसी को भी एटीएम, ओटीपी वगैरह की जानकारी नहीं दे और इस तरह की बात सामने आने पर तुरंत जाकर अपने बैंक की शाखा से संपर्क करें उक्त बातें बुधवार को उमेडंडा में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एसएसपी किशोर कौशल ने अपने संबोधन में कही साथ ही इतनी कम जगह पर मेला का बेहतर आयोजन करने के लिए उमेडंडा मेला कमेटी को धन्यवाद दिया। इससे पहले उमेडंडा मेला समिति के संरक्षक मोहन जयसवाल ने एसएसपी को तलवार और मोमेंटम देकर सम्मानित किया। मेला कमेटी के द्वारा डीएसपी अनिमेष नैथानी, इंस्पेक्टर संजीव कुमार, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, रामजीत गंझू, उपप्रमुख हरदेव साहु व अन्य अतिथियों को बैच व माला पहना कर सम्मानित किया गया। मौके पर रत्नप्रकाश सिंह, सुदामा नायक, सुनील साहु, मुखिया सुमित्रा देवी, दशमी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## खूंटी सदर अस्पताल में बनेगा दस बेड वाला थैलेसीमिया डे केयर सेंटर

खूंटी : उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को आकांक्षी जिला मद से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। डीसी ने उपायुक्त ने कहा कि थैलेसीमिया को लेकर व्यापक स्तर पर जागरुकता के प्रयास करें। बैठक में सदर अस्पताल में 10 बेड का थैलेसीमिया डे केयर सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया। 11 अप्रैल को बिरसा कॉलेज बहुउद्देशीय भवन में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग सह कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें सिकल सेल की जांच के साथ ही पॉजिटिव लोगों की उचित काउंसलिंग भी की जाएगी। उपायुक्त ने आकांक्षी योजना अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की अद्यतन भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। साथ ही सभी विकास योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, आधारभूत संरचनाओं का विकास ( सड़कों का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति और हर घर में शौचालय का निर्माण) की प्रगति की समीक्षा कर विभिन्न मानकों के बारे में निर्देश दिए गए।

# सोतोकान कराटे डू फेडरेशन का लाठी प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**संवाददाता, भुरकुंडा रामगढ़।**



लाठी के करतब का प्रशिक्षण लेते कराटेकार। ● द फोटोन न्यूज

सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो के तत्वावधान में चल रहे लाठी एवं कराटे प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में भुरकुंडा एरिया से 30 कराटेकारों ने हिस्सा लिया। भुरकुंडा एरिया के मुख्य प्रशिक्षक एवं सोकफ के टेक्निकल डायरेक्टर कियोशी नरेंद्र सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण लिया गया।

शिविर में सफेद से ग्रीन बेल्ट एवं ब्लू से ब्राउन बेल्ट दो वर्गों में प्रतियोगिता कराया गया। इसमें बेसिक नियम लाठी घुमाना, लाठी चलाना, लाठी के ट्रिक, लाठी से लड़ने की कला, एक हाथ से लाठी चलाना, दोनों हाथों से लाठी चलाने आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में राशि सिन्हा, सुमित कुमार, सागर सोनी, खुशबू कुमारी, साक्षी शर्मा, नेहा कुमारी, पावनी दधीच, ओजस दधीच, हर्षित कुमार, मो. साहिल, मयंक सिन्हा, अर्जुन कुमार, विधि प्रिया, तेजस झा, सनी कुमार, रजनीश कुमार शामिल हैं।

# अतिक्रमण पर चला रेलवे का बुलडोजर

**संवाददाता, धनबाद।**



निरसा में अतिक्रमण हटाता हुआ बुलडोजर। ● द फोटोन न्यूज

शहर के निरसा में फ्रंट कॉरिडोर के निर्माण के लिए पूर्व रेलवे आसनसोल डिविजन ने कुमारधुबी क्षेत्र के नया नगर के लोगों को जगह खाली करने का नोटिस दिया था। इसके बाद भी जगह खाली नहीं किए जाने पर बुधवार से रेलवे ने अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया। बुलडोजर से आवासों को ध्वस्त कराया जा रहा है। विधि व्यवस्था बनाए रखने लिए मैथन पुलिस भी मौजूद रही।

बेघर हुए लोगों ने कहा कि वे लोग करीब 25 से 30 वर्षो से यहां रह रहे हैं, लेकिन यह पता नहीं था कि एक दिन अचानक से उनके हाथों से बनाये गए घरों को बुलडोजर से तोड़ उन्हें बेघर कर दिया जाएगा। लोगों ने कहा कि इस समय विधायक, सांसद कोई नेता नहीं है। सभी ने झूठे आश्वासन दिए। उनका कहना है कि सरकार हमें जमीन घर देकर बेघर होने से बचा ले।

मौके पर अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे रेलवे के जूनियर एडी 2 के अधिकारी बिनोद कुमार ने बताया कि फ्रंट कॉरिडोर निर्माण को लेकर विद्युत सब स्टेशन बनाया जाना है। इसके लिए अतिक्रमण किए हुए घरों को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में 39 घरों को हटाया जाएगा। बाद में फ्रंट कॉरिडोर निर्माण के लिए लगभग 80 मीटर यानी 264 फिट तक अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। इसको लेकर पूर्व में ही लोगों को लगातार पांच बार नोटिस भेजा जा चुका है। इसके बावजूद भी लोग नहीं हट रहे थे।

# जुबली कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान, प्रोफेसर ने कहा स्वच्छता सभी का दायित्व

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**



कॉलेज परिसर मे पौधारोपण करते स्वयंसेवक। ● द फोटोन न्यूज

रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबली कॉलेज एनएसएस ईकाई दो के तत्वावधान में बुधवार को स्वयंसवेको द्वारा कॉलेज परिवार में पौधारोपण सह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवको ने स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद परिसर में दर्जनो फलदार व छायादार पौधे लगाकर पौधोरोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में धर्म के रूप मे उतारें। प्राचार्य प्रो एनके तिवारी ने कहा कि अपने आसपास क्षेत्र को स्वच्छता रखना हमसबों का दायित्व है। जीवन के लिए स्वचछता बहुत जरूरी है। उन्होंने पौधोरोपण पर जोर देते हुए कहा कि इसे लगाना ही काफी नहीं इसका संरक्षण बेहद जरूरी है।

श्री तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ एकेएस झा ने पर्यावरण संतुलन के लिये पौधों के महत्व को बताया। वहीं डॉ एसपी पांडेय व विशेश्वर रविदास ने कहा कि पौधे ही जलवायु के सर्वोतम सुचक होते हैं।

मौके पर प्राचार्य प्रो एनके तिवारी, डॉ महेंद्र पांडेय, राजेश कुमार, एसपी दांगी, बालकृष्णा, देवप्रकाश, विभा राय, सुनील कुमार, बालमुकुंद, सुशील, जागृति, अंजली, काजल, वैष्णवी, योगिता, मानसी, कुमकुम, खुशबु, दिव्या, संगीता, मौली, सोनी, मनीषा, प्रियंका, ईशा, मुस्कान, नेहा, रानी, शिवानी, साक्षी, महक, डॉली, प्रिया, वंदना सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थें।

# विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं का किया गया उद्घाटन व शिलान्यास

**संवाददाता, रामगढ़।**



शिलान्यास करते मंत्री सत्यानंद भोक्ता। ● द फोटोन न्यूज

सोमवार को माननीय मंत्री श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ श्री सत्यानंद भोक्ता ने रामगढ़ जिले के दौरे के क्रम में माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती सुनीता चौधरी, उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष श्री युगेश बेदिया, सांसद प्रतिनिधि श्री रणंजय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन रामगढ़ के वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के विभिन्न विकास कार्यों/योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने 1940 में स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की अध्यक्षता में रामगढ़ में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 53 वें अधिवेशन को समर्पित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क (मॉडल कम्युनिटी पार्क, छत्तरमांडू का उद्घाटन किया जिसके उपरांत उन्होंने रामगढ़ जिले वासियों मि लंबे समय से रही मांग एवं बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड, रामगढ़ के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास किया।

माननीय मंत्री के द्वारा रामगढ़ जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने एवं खेल प्रेमियों को समर्पित बाजारटांड, रामगढ़ स्थित नवनिर्मित सिदो-कान्हू स्टेडियम का उद्घाटन किया गया वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय मांडू में बच्चियों के अत्यधिक संख्या को देखते हुए न्यास परिषद के अनुमोदन के उपरांत उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर तीव्र गति कार्य कर पूर्ण हुए 16 शौचालयों एवं 16 बाथरूम का उद्घाटन किया गया।

दौरे के क्रम में माननीय मंत्री के द्वारा कुल 14 योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास किया गया जिनमें उपरोक्त के अलावा पतरातू डैम के कटुवा घाट का सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन, सुकरीगढ़ा रामगढ़ में निमार्णाधीन सामान्य केंद्रों में चारदीवारी एवं अप्रोच रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन, दुलमी प्रखंड के सिकनी दुर्गा मंदिर से चितरपुर रेलवे ब्रिज तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास, ग्राम उकरिद मोड़ (सोसो मोड़) से चामरोम मोड़ तक पथ मरम्मती कार्य का उद्घाटन, पतरातु रांची मुख्य पथ (पतरातू डैम) पलानी झरना तक जाने वाले पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास, प्रखंड गोला के साडम में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य का शिलान्यास, मांडू के बसंतपुर पश्चिमी अंतर्गत चुटुवा नदी के केंदूबार में पुल निर्माण कार्य का उद्घाटन, पतरातू प्रखंड के सुथरपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास, मांडू प्रखंड के जोड़ाकरम में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं दुलमी प्रखंड के सोसो में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा किया गया।

## दुलमी बाजार टांड़ स्थित सरना स्थल पर धूमधाम से मनायी सरहुल

# सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व : बंधु तिर्की

**संवाददाता, रजरप्पा।**



समारोह में उपस्थित पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व अन्य अतिथि। ● द फोटोन न्यूज

दुलमी बाजार टांड़ स्थित सरना स्थल पर प्रकृति का पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। मिलन समारोह में बतौर मुख्य अथिति पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की शामिल हुए. जबकि विशिष्ट अथिति रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह, दिनेश मुंडा रामगढ़ जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष, छोटेलाल करमाली एसीएस केंद्रीय उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष सुनील मुंडा, प्रकाश करमाली, सुनील करमाली बीस सूत्री अध्यक्ष रामगढ़, शंकर करमाली विधायक प्रतिनिधि मांडू, दुलमी पार्षद प्रीति दीवान, किसान नेता पंकज महतो, संजय करमाली, माधव करमाली आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सबसे पहले दुलमी गांव से पूरे गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल कर सरना स्थल पहुँचे. पहान द्वारा सरना स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मुर्गे की बलि दी। इसके बाद सरैय फूल चढ़ाया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच फूल खोसी भी की गई। पूजा के बाद प्रसाद का भी वितरण हुआ।

इस दौरान अतिथियों सहित सभी उपस्थित महिला पुरुषों ने नागपुरी गीत के साथ मांदर की थाप पर खूब थिरके। सभी ने एक दूसरे को सरहुल की बधाइयां दी। साथ ही प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व है। यह पर्व जल, जंगल एवं जमीन से जुड़ी हैं। क्योंकि हमलोग पेड़ पौधा की पूजा करते है। जिससे उनसे हमें जीवन की प्राप्ति होती है। आगे कहा कि इस स्थल में चाहरदीवारी का निर्माण बहुत दिनों से विवादित है बहुत जल्द इसका निपटारा किया जाएगा. इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत सरना समिति के द्वारा पगड़ी पहनाकर किया गया।

मौके पर सरना समिति के संरक्षक प्रकाश करमाली, अजय करमाली, महामंत्री उमेश कुमार मुंडा, अध्यक्ष चुनिलाल करमाली, सचिव कैलाश करमाली, कोषाध्यक्ष विनोद करमाली, पूजा प्रभारी सुभाष नायक, बबलू मुंडा, गौतम मुंडा, प्रसाद प्रभारी अमर नायक, गज्जू करमाली, कामेश्वर मुंडा सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे

## 11 अप्रैल को भाजपा करेगी आक्रोश महारैली, हजारों कार्यकर्ता करेंगे सचिवालय का घेराव

**संवाददाता, रामगढ़।**

बुधवार अपराह्न जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में एक संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ जिस्ममें भाजपा जिला पदाधिकारियों सहित सभी मंडल के अध्यक्ष भी उपस्थित हुए।

जिला प्रभारी शशिभूषण भगत की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल जी थे एवं मंच संचालन छोटन सिंह ने किया।

महापुरुषों की तश्विरों पर माल्यार्पण के बाद मंचासिन मुख्य अतिथि विधायक जेपी पटेल ने राष्ट्रपति के दिए अभिभाषण को इंगित करते हुए कहा की हमे महामहिम द्वारा संसद में दिया गया अभिभाषण को ध्यान से पढ़ना चाहिए । इसके अंदर आज देश में प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं का जिक्र और उससे नागरिकों को मिले लाभ का बिंदुवार जिक्र मिलता है।

पार्टी के इस मासिक बैठक में बूथ सशक्तिकरण को लेकर जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने सभी मंडल अध्यक्षों से बूथ कमिटी संबंधित त्रुटियों पर चर्चा कर एक मजबूत बूथ निर्माण के लिए अपने अनुभवों को साझा किया साथ हीं अपना सत प्रतिशत कमिटी गठन करने वाले कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो एवं गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव एवं दोनो मंडल के प्रभारी क्रमशः खुशिलाल महतो एवं राजू चतुर्वेदी को उनके उम्दा प्रदर्शन के लिए विधायक जेपी पटेल एवं प्रभारी शशिभूषण भगत के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

छः अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस मनाने हेतु सभी मोर्चा पदाधिकारियों को पूरे जिले में सेवा कार्यक्रम चलाने का निर्देश देते हुए कहा की अपने कार्यकताओं के साथ वो ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्कूल,अस्पताल जैसी जगहों पर जाकर पाठ्य सामग्री एवं फल वितरण एवं ब्लड डोनेशन कैंप जैसे कार्य में हिस्सा ले।

बैठक में मुख्य रूप से वर्तमान झारखंड सरकार की नाकामियों घोटालों एवं भ्रष्टाचार के विरोध में 11 अप्रैल को विधानसभा घेराव हेतु विशाल आक्रोश प्रदर्शन में जिले के सभी क्षेत्रों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए रणनीति बनाई गई।

जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने पूरे जिले से हजारों कार्यकताओं को 11 अप्रैल को होने वाले विशाल आक्रोश रैली में हिस्सा लेने का आवाहण करते हुए कहा की अब इस नाकाम सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा ने कमर कस लिया है जिसको झारखंड के दलित,आदिवासी और आम नागरिकों का साथ मिल रहा है।

# बिहार को बदलना है तो 10 योगी चाहिए

महाभारत के भीष्म पितामह' और बच्चों के चहेते शक्तिमान (मुकेश खन्ना) पटना पहुंचे। उन्होंने बिहार की हालात पर बड़ी बात कही। अभिनेता मुकेश खन्ना ने कहा कि बिहार को बदलने के लिए 10 योगी की जरूरत है। बिहार में अपराध बढ़ गया है। यहां के लोग रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश में जाते हैं। इसलिए बिहार के लोगों को ऐसी सरकार चुनना चाहिए, जो उन्हें काम दे सकें।, कोविड के पहले एक ऐसा दौर था, जब मैं हर 2 या 3 महीने में बिहार आया करता था। मैंने पूरा बिहार घूमा है। एक बार तो मैंने यह भी बोला था कि आप मुझे यहां की सिटीजनशिप दे दो। बिहार मेरे लिए नई चीज नहीं है। बिहार को मैंने उठते भी देखा है और गिरते भी देखा है। मैं पहली बार बिहार तब आया था, जब यहां लालू की सरकार थी। तब यहां की सड़कों पर मेरी गाड़ी नहीं चल पाती थी, लेकिन लालू यादव कहते थे कि बिहार की सड़कें हेमा मालिनी की गाल जैसी है। बिहार ऐसा जगह है, जहां हर घर में पॉलिटिकल डिस्कशन होता है। बिहार के लोगों में पोटेंशियल बहुत है। बिहार को संभालना हमारे देश के लिए बहुत जरूरी है। बिहार के लोग बाहर जाकर काम करते हैं, क्योंकि उनके पास यहां काम करने के लिए नहीं है। बिहार के लोगों को मैं यही कहना चाहूंगा कि ऐसी सरकार को लाइए, जो आपको काम करने दें। बाहर जाने की मजबूरी न हो। बिहार में अपराध भी काफी बढ़ गया है। सबसे पहले इसे बंद करना पड़ेगा और इसके लिए 10 योगी चाहिए, तब जाकर बिहार सुधरेगा। शक्तिमान को लगभग 30 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी मुझे उसी कारण से हर जगह बुलाया जाता है। बिहार के बरबीघा में एक स्कूल के फंक्शन को अटेंड करने आया हूं। अगर भोजपुरी की बात करें तो मैंने मनोज तिवारी के साथ भोजपुरी की एक फिल्म में काम किया है।



उस दौरान मनोज तिवारी अक्सर कहा करते थे कि आप शक्तिमान को भी भोजपुरी में बनाइए तो उस वक्त मैंने कहा था कि शक्तिमान को भोजपुरी में बनाना चाहिए। तब शक्तिमान को भोजपुरी में दिखाया गया। लोगों के डिमांड पर हमने शक्तिमान बनाना शुरू किया था, लेकिन कोविड की वजह से इसे रोक दिया। अब शक्तिमान के साथ ही मेरी तीन फिल्में भी जल्द देखने को मिलेगी। सोनी चैनल मेरे साथ मिलकर बना रहा है। इस फिल्म को बनाने के लिए करीब 300 करोड़ रुपये की खर्च है। यह बहुत बड़े स्तर पर रिलीज होगी। इसलिए इसमें थोड़ा वक्त लग रहा है। आपने तो मेरी दुखती नस पर हाथ डाल दिया। आजकल जो यह नया प्लेटफार्म खड़ा हुआ है, जिसका नाम है 'ओटीटी'। यह ओटीटी बनाम अश्लीलता है। इन्हें पता नहीं है कि क्या दिखाना चाहिए। ये कुछ भी दिखा देते हैं। अगर बात करें बच्चों की तो यह बात मैंने कई बार उठाई है कि बच्चों के लिए भी फिल्में बननी चाहिए। बच्चें वही फिल्म देखना चाहते हैं, जो खासतौर पर उनके लिए बनाई गई हो। लेकिन आजकल बच्चें 'हम तुम्हें इतने छेद करेंगे' जैसे डायलॉग्स वाली फिल्में देखते है। मैं हमेशा कहता हूं कि हर प्रोड्यूसर को पांचवी फिल्म के बाद छठी फिल्म बच्चों के लिए बनाने चाहिए। अगर एक शक्तिमान बच्चों को दूध पीना सिखा सकता है तो 10 चिल्ड्रेन फिल्में बच्चों के लिए क्या नहीं कर सकता है? हमारे बच्चे देश के भविष्य है। मोदी जी अक्सर कहते हैं कि 25 साल बाद हमारे देश में सबसे ज्यादा युवा होंगे। मेरा यह सवाल पूछने का दिल करता है कि वह युवा कितने होंगे? 25 साल बाद सिर्फ युवा हो जाने से कुछ नहीं होगा। इस बात पर ध्यान देना होगा कि बच्चा सीख रहा है या नहीं। आजकल के बच्चे मोबाइल से सीख रहे हैं। पूरा एजुकेशन सिस्टम ही बदल गया है। बिहार के नालंदा में पूरे दुनिया से बच्चे पढ़ने आते थे। आज वहां की स्थिति पूरी तरह से बदल गई है। एजुकेशन सिस्टम को बदलना पड़ेगा। बच्चों को पढ़ाई में देश की परंपरा के साथ सही बातें दिखाने पड़ेंगे। मैंने कहा था कि इस गाने को बैन कर देना चाहिए। इस पर कई तरह की बातें हुई। शाहरुख ने भी अपने तरफ से बहुत कुछ बोला, लेकिन हम लोग मूर्ख बन जाते हैं। कभी कभी मुझे ऐसा लगता है कि पब्लिसिटी के चक्कर में यह लोग जानबूझकर हिंदू धर्म का मजाक बनाने की कोशिश करते हैं। यह सब सिर्फ एक स्टंट है, जिसे रोकना चाहिए।

## भाई ने बड़े भाई के प्राईवेट पार्ट में मारा चाकू



**भोजपुर** में भाई ने बड़े भाई के प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला कर दिया। देवर भाभी के बात नहीं करने से नाराज था। मंगलवार को भी वो घर आया तो भाभी ने उससे बात नहीं की। इससे नाराज होकर उसने भाभी को चाकू मारना चाहा, लेकिन भाई बीच में आ गया। इसके बाद उसने बड़े भाई के प्राइवेट पार्ट, हाथ और कमर में चाकू से हमला कर दिया। बड़े भाई की हालत गंभीर है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनौली गांव का है। इस हमले में बड़ा भाई बुरी तरह जख्मी हो गया। पत्नी और दोस्त उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उसका इलाज जारी है। जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी रामसुभक साव का 29 वर्षीय पुत्र मनोज साव है। इधर मनोज ने बताया की घरेलू विवाद को लेकर दोनों भाई अलग-अलग रहते हैं। आरोपी भाई दीपक साव (27) ना ही बहन की शादी में उसने कुछ पैसे दिए और ना ही घर चलाने में वह मदद करता था, जिसके कारण हम दोनों भाई अलग हो गए। मनोज ने बताया कि दीपक साव अक्सर नशे में धुत होकर घर में घुसकर गालीझगलौज करता था, इसी बात को लेकर मेरी पत्नी चंद्रावती देवी (25) अपने देवर से बात नहीं करती थी। वहीं जब आज मेरी पत्नी घर के आंगन में बर्तन धो रही थी, तभी चंद्रावती को चाकू से मारने के लिए दीपक दौड़ा। इसी बीच जब हम बचाने के लिए गए तो उसने मुझे चाकू से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी हालत में जब हम जमीन पर जा गिरे, उसके बाद भी वो पैर से मारता रहा। परिवार के कुछ सदस्यों के द्वारा बीच-बचाव करने के बाद मेरी जान बची। वहीं घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। घटना के बाद जख्मी मनोज का इलाज आरा सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। बताया जाता है कि मनोज मजदूरी कर अपने परिवार का पालनझपोषण करने का काम करता है। उसके घर में पत्नी चंद्रावती देवी दो पुत्र और एक पुत्री है।

## पटरी पर लौट रही बिहार शरीफ की अर्थव्यवस्था



**नालंदा** के बिहार शरीफ में लगातार दूसरे दिन सद्भावना मार्च निकाली गई है। जिसमें बड़ी संख्या में डीएम-एसपी के नेतृत्व में राजनैतिक पार्टियों के अलावे शहर बुद्धिजीवी शामिल हुए। सद्भावना मार्च शहर के हॉस्पिटल मोड़ से निकलकर सोहसराय अड्डा पर जाकर समाप्त हुआ। लगातार माइकिंग के जरिए लोगों से अफवाओं पर ध्यान न देनें एवं अमन चैन बनाए रखने की अपील की गई। शहर में शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर पुलिस पदाधिकारी के द्वारा लगातार गश्त लगाया जा रहा है तो वहीं अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटे इसे लेकर दुकानों के खोलने की भी छुट् दी गई है। गुरुवार से दुकानें 3:00 बजे तक खोलने की छूट है। हालांकि की अभी भी बिहार शरीफ के सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र में धारा 144 लागू है। वहीं इंटरनेट सेवा भी कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में स्कूल कॉलेज भी अगले आदेश तक बंद है। लगातार पुलिस के द्वारा लहेरी, सोहसराय एवं बिहार थाना क्षेत्र के उपद्रव वाले इलाकों में छापेमारी की जा रही है। अब तक कुल अलग-अलग थाना क्षेत्र में 15 एफआईआर 130 गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं कितनी संपत्ति का नुकसान हुआ है उसके भी आंकलन में जिला प्रशासन लगा हुआ है। फिलहाल जिले में 72 घँटे से किसी भी उपद्रव की सूचना नहीं मिली है।

## दोस्त की पत्नी से था अफेयर पति ने किया मर्डर

**बेगूसराय** में खेत में मिले लावारिस शव की पहचान हो गई है। लड़के के भाई ने सोशल मीडियो के जरिए उसकी पहचान की। कहा कि उसके दोस्त ने ही उसकी हत्या की है। दोनों शराब का अवैध रूप से कारोबार कर रहे थे। युवक का दोस्त की पत्नी से अवैध संबंध भी था। पैसे और लड़की के कारण हुए विवाद ने दोस्त ने हत्या कर शव ठिकाने लगा दिया। बता दें मंगलवार की दोपहर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एघु पुस्तकालय के पास गेहूं खेत से युवक का शव बरामद हुआ था। युवक की पहचान नयागांव थाना क्षेत्र के लावा गांव सोनापुर निवासी नरेश साव के पुत्र राजीव कुमार ( 20 ) के रूप में पहचान हुई है। मृतक के दोस्त राजा को मुफस्सिल थाना की पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। डेड बॉडी के खेत से बरामद होने के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर शव की शिनाख्त किए हैं। मृतक युवक का एक खेत में शव पाया गया था ।

## वरीय अधिवक्ता सह कम्युनिस्ट विचार त्रिभुवन सिंह की मनाई गई पुण्यतिथि



**औरंगाबाद :** जिला विधिक संघ औरंगाबाद में वरीय अधिवक्ता सह कम्युनिस्ट विचारक, जिला विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव, गरीब मुवक्किलों के हमदर्द त्रिभुवन सिंह की दुसरी पुन्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिला विधिक संघ के महासचिव नागेंद्र सिंह ने किया और संचालन अनील कुमार सिंह ने किया। सैकड़ों के संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं ने पहले उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अनंत देव नारायण सिंह, श्रवण कुमार,अजय श्ररण, विनोद कुमार, केदार सिंह, यमुना सिंह, सतीश कुमार स्नेही, नागेंद्र कुमार सिंह नोटरी, अंजलि सिंह सरोज, अजीत कुमार नोटरी, औलिया,विनय द्विवेदी, रामाधार शर्मा, उमेश वर्मा, अमरेंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश ठाकुर, प्रदीप कुमार,उदय नारायण, सुरेंद्र राम,तेतर राम, दिलीप सिंह, राधे श्याम प्रसाद,रोशन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत



**मुजफ्फरपुर** जिले के करजा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों कि मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल मंगलवार की देर रात जिले के करजा थाना क्षेत्र के मड़वन चौक से आगे पुल के समीप तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। वही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग घटना स्थल के आस-पास एकत्रित हो गए। लोगों के द्वारा करजा थाना अध्यक्ष को घटना के संबंध में जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल एक युवक को एसकेएमसीएच ले कर गई, लेकिन एसकेएमसीएच ले जाने के क्रम में ही घायल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। तीनों में से किसी भी युवक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं था, जिस कारण मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बता दे कि होंडा कैलीवर बाइक सवार तीन युवक मुजफ्फरपुर से रेवा की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया।तीनों युवक की उम्र करीब 25-30 वर्ष के बीच है। क्षत-विक्षत स्थिति में शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। करजा थानेदार राकेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मौके पर दो युवक की मौत हो गई। वही एक ने एसकेएमसीएच जाने के दौरान दम तोड़ दिया है। किसी के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला है, जिस कारण किसी की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की छानबीन की जा रही है। मृतकों के परिजनों का पता किया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल छपरा डीटीओ से रजिस्टर्ड है। डीटीओ से संपर्क कर इनके घर का पता किया जा रहा है।

## सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित




**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के सिमरी में संचालित आवासीय ब्राइट पब्लिक स्कूल एवं ब्राइट कोचिंग सेंटर ने दसवीं वार्षिक परीक्षा में चौथी बार 90 प्रतिशत प्लस रिजल्ट देकर परचम लहराया है। निदेशक अरुण कुमार, प्राचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि बेल बिगहा निवासी रविंद्र यादव के पुत्र आदित्य कुमार को सर्वाधिक 453 अंक प्राप्त हुआ है। इसके अलावा शुभम कुमार को 448, विनय कुमार 446, करण कुमार 441, निशा कुमारी 440, नीतीश कुमार 437, विवेक कुमार 437, दीपक कुमार 437, प्रिया कुमारी 431, सिखा सुमन 430, निधि कुमारी 417, अनूप कुमार 416, मधु कुमारी 416, विकास कुमार 415 ,दिव्यांशु कुमार 415 , अभिजीत कुमार 413, विवेकानंद कुमार 412, काजल कुमारी 412, अनुष्का कुमारी 410, प्रिंस कुमार 407, अनुराधा कुमारी 406, संतोष कुमार 402, विशाल कुमार 399, रोहित कुमार पांडे 398, निशा कुमारी 398 अंक प्राप्त किए है। संस्थान सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## हाई स्कूलों में 6 हजार हेड मास्टर होंगे भर्ती




**बिहार** के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक नियुक्ति के लिए नियमावली संशोधित कर दी गई है। तय किया गया है कि परीक्षा कैसे ली जाएगी यह शिक्षा विभाग तय कर बीपीएससी को नहीं देगा। नियमावली में संशोधन के बाद बीपीएससी परीक्षा पैटर्न तय करेगा। परीक्षा पैटर्न तय करने में शिक्षा विभाग के साथ बैठक कर परामर्श लेने की बात है। जल्द ही कैबिनेट से स्वीकृति लेकर प्रधानाध्यापक की वैकेंसी बीपीएससी को भेजी जाएगी। माना जा रहा है जून या जुलाई के अंत तक रिक्ति आ सकती है। प्रधानाध्यापक के कुल पदों में 35 प्रतिशत यानी लगभग 2100 पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। एससी, एसटी, पिछड़ा और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा। प्रधानाध्यापक का संवर्ग प्रमंडल स्तर का होगा। पिछले साल 6421 प्रधानाध्यापक भर्ती के लिए ली गई परीक्षा में मात्र 420 अभ्यर्थी ही सफल हो सके थे। इसके बाद कई स्कूलों में पद खाली रह गए थे। इस कारण स्कूलों का प्रबंधन सुचारू ढंग से नहीं चल पा रहा था। अब विभाग ने परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया है ताकि इस बार पद खाली न रह पाए। नए बदलाव से आवेदन देने वालों की संख्या 25 हजार तक हो सकती है। सरकारी उच्च व उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए उम्र सीमा तय नहीं रहेगी। निजी स्कूलों के शिक्षकों के लिए न्यूनतम 31 और अधिकतम 47 वर्ष आयु के शिक्षक प्रधानाध्यापक के लिए आवेदन के पात्र होंगे। 2012 या उसके बाद नियुक्त शिक्षक के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रधानाध्यापक का तबादला प्रमंडल पर होगा। इनका मूल वेतन 35000 है। इसमें अन्य भत्ता जोड़ने के बाद लगभग 50 से 52 हजार प्रतिमाह होगा।

# सेकेंडरी में बच्चे एक स्किल को जरूर सीखे डीईओ

### अनुग्रह स्कूल में 8वीं वर्ग के बच्चों को दिया गया फेयरवेल




**औरंगाबाद :** जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में हेडमास्टर उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 8वीं वर्ग के बच्चों का फेयरवेल कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीईओ संग्राम सिंह ने सभी बच्चों को प्रगति पत्रक के साथ ही स्कूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सभी बच्चे से अपील किया कि अपने आगामी सेकेंडरी एजुकेशन में कोई एक स्किल जरूर सीखे ।साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष अब कैरियर चयन करने का वर्ष होने वाला है अतः अपने पसंद व रुचि के अनुरूप विषय चूने और उसमे शोधपारक ज्ञान अर्जित करें । मौके पर उपस्थित डीपीओ स्थापना दया शंकर सिंह ने भी स्कूल से विदा हो रहे बच्चों को ज्ञान की शक्ति से अवगत कराया और कहा कि यह सदी ज्ञान व तकनीक का है अतः बच्चे स्वाध्याय बहुत करें ।विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने काफी एक्सपोजर पाया है और वह चमक बच्चों में दिखता है ।प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने कहा बच्चों की विदाई भावुक बना देता है ।लंबी अवधि से इनके होने के कारण अपने बच्चों जैसा प्यार हो जाता है ।सभी बच्चें बड़े प्यारे थें और विद्यालय की प्रतिष्ठा दिलाने में इनकी बड़ी भूमिका रही है ।हेडमास्टर ने अष्टम वर्ग की दोनो क्लास टीचर क्रमशः मीना सिंह व आभा सिंह को पुरस्कृत भी किया । सीनियर बच्चों की विदाई में जूनियर बच्चों ने बेहतरीन म्यूजिकल कार्यक्रम का आयोजन भी किया था।

## जन सरोकार के सवाल पर संघर्ष के कार्यक्रम तय : डॉ.संजय रघुवर



**औरंगाबाद :** आगामी 7 को दिन के 12 बजे लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के कार्यालय श्री राम लखन महतो के पुराना घर देवी मंदिर रोड पुरानी जक्कनपुर पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी! इस बैठक को देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक श्री रघु ठाकुर जी संबोधित करेंगे! आप सभी साथियों से अनुरोध है कि इस बैठक में अवश्य ही शामिल होने की कृपा करें! उन्होंने बताया उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण बैठक है बिहार में पार्टी को फैलाने एवं जन सरोकार के सवाल पर संघर्ष के कार्यक्रम तय करने के लिए आयोजित की गई है! क्रांतिकारी अभिवादन एवं शुभकामना सहित आप सभी कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया।

# इलाज का हक

राजस्थान में करीब एक पखवाडे. से आंदोलित निजी डॉक्टरों और राज्य सरकार के बीच हुए समझौते के बाद वहां चिकित्सा का अधिकार कानून धरातल पर लागू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य के निजी चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल खत्म कर दी है, और यह स्वागतयोग्य कदम है। अलबत्ता, मरीजों की परेशानियों को देखते हुए हड़ताल बहुत पहले खत्म हो जानी चाहिए थी। बहरहाल, राजस्थान अपने नागरिकों को चिकित्सा का कानूनी अधिकार देने वाला देश का पहला सूबा बन गया है। इसके लिए गहलोत सरकार की सराहना की जानी चाहिए, क्योंकि इस कानून का सबसे अधिक लाभ हाशिये के लोगों को होगा। वे न सिर्फ अब गंभीर बीमारियों के इलाज की आर्थिक चिंता से मुक्त हो सकेंगे, बल्कि इस कानून ने उन्हें सशक्त बना दिया है कि आपात स्थिति में अस्पताल या डॉक्टर उन्हें उपचार-पूर्व वैधानिक या वित्तीय औपचारिकता पूरी करने को बाध्य नहीं कर सकेंगे। यदि उनके पास उस वक्त पैसे न हो, तो राज्य सरकार बाद में उसकी भरपायी करेगी। इस कानून से वहां के लोगों के संविधान प्रदत्त जीने के अधिकार को मजबूत आधार मिलेगा। यकीनन, देश के अन्य सूबों की सरकारों को राजस्थान से सबक लेना चाहिए।

नए समझौते के मुताबिक, इस कानून के दायरे से वे निजी अस्पताल बाहर रहेंगे, जिन्होंने सरकार से किसी तरह की कोई रियायत नहीं ले रखी है। जाहिर है, मरीजों को सरकारी अस्पतालों के अलावा अब निजी-सार्वजनिक भागीदारी में चलने वाले अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों व सरकार से जमीन या इमारत बनाने में रियायत व माली मदद लेने वाले चिकित्सा संस्थानों में भी अब मुफ्त इलाज की सुविधा मिल जाएगी। राजस्थान देश के उन चंद सूबों में से एक है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अच्छी पहल हुई हैं। चाहे सभी मरीजों को मुफ्त दवा-जांच की सुविधा मुहैया कराने की योजनाएं हों या फिर प्रत्येक परिवार को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 25 लाख रुपये तक के इलाज का आर्थिक संरक्षण, ये सुविधाएं लोक-कल्याणकारी राज्य की कसौटी पर खरी उतरती हैं।

सरकार की मंशा कितनी भी अच्छी क्यों न हो, अगर उसकी नीतियों को लागू करने वाला तंत्र पारदर्शी और नेकनीयत न हो, तो अपेक्षित वर्ग को उसका लाभ नहीं मिल पाता। यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं है कि कई निजी अस्पताल अमानवीय स्तर तक मरीजों का आर्थिक दोहन करते हैं और पीड़ित उचित फोरम पर इसकी शिकायत इसलिए नहीं करते कि दोहरा आर्थिक भार उठाने की उनकी हालत नहीं बचती। राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने माना ही है कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना होने के बाद भी कई अस्पताल मरीजों से पहले रकम जमा कराने की मांग कर रहे थे! देश में, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर कितना अधिक दबाव है व निजी क्षेत्र की इसमें कितनी अहम भूमिका है, यह हमने महामारी के दौरान देखा है। इसलिए निजी अस्पतालों के हितों का संरक्षण करते हुए भी उनकी स्वेच्छाचारिता पर अंकुश लगाने की जरूरत महसूस की जाती रही है।

# चीन ने चली पुरानी चाल

भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के अंदर स्थित 11 स्थानों के नाम बदलने की चीनी सरकार की घोषणा हालांकि सांकेतिक है, लेकिन इसकी टाइमिंग अहम है। यह घोषणा ऐसे समय की गई है, जब कुछ सप्ताह बाद ही शंघाई कोऑपरेशन संगठन (रउड) के सम्मेलन में सदस्य देशों के रक्षा मंत्री शामिल होने वाले हैं। इसके लिए चीनी रक्षा मंत्री ली शांगफू भी भारत आने वाले हैं। यही नहीं, रउड बैठक के ही सिलसिले में अगले महीने चीनी विदेश मंत्री चिन गांग और जून में चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का भी भारत दौरा तय हो चुका है। ऐसे में स्वाभाविक ही भारत सरकार इस मसले को ज्यादा तूल नहीं देना चाहती। भारत सरकार की तरफ से तत्काल इस पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया भी नहीं जताई गई, लेकिन इससे दोनों देशों के रुख पर कोई फर्क नहीं पड़ता। चीन सरकार भारत के अरुणाचल प्रदेश को साउथ तिब्बत कहती और उस पर अपना दावा जताती रही है। इस दावे को भारत स्वीकार नहीं करता, लेकिन अपनी तरफ से इसे रेखांकित करने के लिए चीन विभिन्न स्थानों को चीनी नाम देने का प्रयास करता रहता है। हाल के वर्षों में यह उसकी तीसरी ऐसी कोशिश है। इससे पहले भारत उसकी इन कोशिशों को खारिज कर चुका है। जाहिर है, इसका जमीनी हकीकत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला। ये इलाके भारत का अभिन्न हिस्सा हैं और बने रहेंगे। मगर विशेषज्ञों के मुताबिक इसके पीछे चीन की यह मंशा हो सकती है कि अगर कभी ये दावे इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में आए तो वहां वह अपने दावे को मजबूती देने के लिए इन कथित सबूतों का इस्तेमाल कर सके। गौर करने की बात यह भी है कि ऐसे हथकंडे चीन सिर्फ भारत के मामले में नहीं अपना रहा। साउथ चाइना सी और ईस्ट चाइना सी में भी उसने ऐसा ही किया है। मगर फिलहाल इन सांकेतिक कदमों में उलझने के बजाय यह देखने की जरूरत है कि चीनी नेताओं की आगामी भारत यात्राओं का इस्तेमाल करते हुए क्या दोनों देशों के बीच जारी तनाव को कम करने की कोई राह निकाली जा सकती है। ध्यान रहे, जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जो गिरावट आई और विश्वास का जो संकट पैदा हुआ, वह अभी तक कायम है। इस बीच सैन्य और राजनयिक स्तर की कई दौर की बातचीत के जरिए विवाद के कई बिंदु सुलझाए गए, लेकिन सीमा पर दोनों तरफ सेना की बड़ी संख्या में तैनाती अभी भी बनी हुई है।

# सोशल मीडिया से...

**सच के हक में...**



हम भारत में एक समृद्ध समुद्री विरासत के साथ धन्य हैं और हमें उस पर बहुत गर्व है। राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर, हम उन सभी को याद करते हैं जिन्होंने समुद्री दुनिया में भारत की प्रगति में योगदान दिया और बंदरगाह के नेतृत्व वाले विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



झूठ बोलने में माहिर सीएम हेमंत सोरेन जी जरा अपने केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य जी को भी सफाई से झूठ बोलने का गुर सिखाइए। एक ओर सीएम के अनुज और दुमका के विधायक बसंत सोरेन इस जोहार यात्रा की तैयारियों में ताबड़तोड़ बैठक कर रहे थे। बैनर और पोस्टर छप चुके थे, अखबारों में खबरें चल रही थी और आपके पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता कहते हैं कि ऐसा कोई कार्यक्रम ही नहीं था। झूठ की बिसात पर कब तक राजनीति करेंगे? जनता की अदालत में एक दिन जाना ही पड़ेगा, यूं मुंह छिपा के भागने से आपके पाप धुल नहीं जाएंगे।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# रामायण में कांड का नाम सुंदर कांड क्यों?

## हनुमान जयंती पर विशेष

आत्माराम यादव

रामायण जनमनोहरमादिकाव्यम रामायण जन-जन को प्रिय है, यह आदिकाव्य है जिसके सभी पात्र ओर उनकी कथाएं सुंदर हैं इसलिए काण्ड का नाम सुंदरकाण्ड रखा गया। रामायण सबके मन में बसी होने से मनोहर है और सुंदरकाण्ड अत्यंत मनोहर ओर सर्वश्रेष्ठ है। इसे सर्वश्रेष्ठ बतलाते हुए कहा है-ह्वसुंदरे सुंदरों रामरू सुंदरे सुंदरी कथा। सुंदरे सुंदरी सीता सुंदरे किन्न सुंदरम। सुंदरकाण्ड में राम सुंदर है, सुंदर की कथाएँ सुंदर है, सुंदर में सीता सुंदरी है , सुंदर में क्या सुंदर नहीं है? सुंदर में राम की कथा नहीं है, भक्त हनुमान की कथा ओर सीता की व्यथा हृदय को द्रवित कर देती है, यही सुंदरतम है, प्रश्न उठता है फिर सुंदरे सुंदरों रामः क्यो कहा गया है? सुंदर काण्ड के दो प्रमुख ओर प्रधान चरित्र है सीता ओर हनुमान। हनुमान तो भक्त है ओर सीता शक्ति है ओर राम शक्तिमान। श्रीराम सीता अभिन्न है उन्हे प्रथक करके नही देखा गया है, क्योकि सीता के हृदय में राम बसे है ओर ऐसा कोई पल नहीं आया जब सीता ने राम को विस्मृत किया हो तथा हनुमान ने भी जो भी पराक्रम दिखाये, कही आभास नही होने दिया की वे उनके द्वारा किए गए है, अहंकाररहित हनुमान ने जो भी दुर्गम, दुर्जेय वीरोचित कार्य किए उस सभी कार्य का श्रेय उन्होने अपने प्रभु श्रीराम को दिया है, यही सुंदर कथा है, जो सुंदरकाण्ड की शोभा बढ़ाती है। रामायण के प्रत्येक काण्डों का नामकरण करते समय व्यक्तित्व, चरित्र, जीवन ओर स्थान विशेष प्रासंगिक रखे गए हैं।

महर्षि वाल्मिकी रचित रामायण हो या गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस, दोनों में बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किंधाकाण्ड, उत्तरकाण्ड नामकरण कर रामकथा के प्रसंगों को इन काण्डों में समाहित किया है, जिसमें सुंदरकाण्ड नामकरण की विशेषताओं का रहस्य विरले ही समझ पाते हैं। विशेषकर वे लोग जो नित्य प्रतिदिन सुंदरकाण्ड का पाठ करते है। रामायण जनमनोहरमादिकाव्यम रामायण जन-जन को प्रिय है, यह आदिकाव्य है जिसके सभी पात्र ओर उनकी कथाएं सुंदर हैं इसलिए काण्ड का नाम सुंदरकाण्ड रखा गया। रामायण सबके मन में बसी होने से मनोहर है और सुंदरकाण्ड अत्यंत मनोहर ओर सर्वश्रेष्ठ है। इसे सर्वश्रेष्ठ बतलाते हुए कहा है-ह्वसुंदरे सुंदरों रामरू सुंदरे सुंदरी कथा। सुंदरे सुंदरी सीता सुंदरे किन्न सुंदरम। सुंदरकाण्ड में राम सुंदर है, सुंदर की कथाएँ सुंदर है, सुंदर में सीता सुंदरी है , सुंदर में क्या सुंदर नहीं है? सुंदर में राम की कथा नहीं है, भक्त हनुमान की कथा ओर सीता की व्यथा हृदय को द्रवित कर देती है, यही सुंदरतम है, प्रश्न उठता है फिर सुंदरे सुंदरों रामः क्यो कहा गया है? सुंदर काण्ड के दो प्रमुख ओर प्रधान चरित्र है सीता ओर हनुमान। हनुमान तो भक्त है ओर सीता शक्ति है ओर राम शक्तिमान। श्रीराम सीता अभिन्न है उन्हे प्रथक करके नही देखा गया है, क्योकि सीता के हृदय में राम बसे है ओर ऐसा कोई पल नहीं आया जब सीता ने राम को विस्मृत किया हो तथा हनुमान ने भी जो भी पराक्रम दिखाये, कही आभास नही होने दिया की वे उनके द्वारा किए गए है, अहंकाररहित हनुमान ने जो भी दुर्गम, दुर्जेय वीरोचित कार्य किए उस सभी कार्य का श्रेय उन्होने अपने प्रभु श्रीराम को दिया है, यही सुंदर कथा है, जो सुंदरकाण्ड की शोभा बढ़ाती है। रामायण के प्रत्येक काण्डों का नामकरण करते समय व्यक्तित्व, चरित्र, जीवन ओर स्थान विशेष प्रासंगिक रखे गए हैं। जहां हरेक व्यक्तित्व के चरित्र व गुणों के प्रगट होते ही उनके गुणों की सर्वोत्तमता शिखर पर देखने को मिलती है। बालकाण्ड में राम के बचपन के बाल स्वरूप से ताड़का-सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार, धनुष भंग कर सीता स्वयंवर का चित्रण है तो उत्तरकाण्ड में रावण वध का चरित्र के पश्चात को विस्तार रूप दिया गया है। अयोध्या काण्ड, अरण्यकाण्ड ओर किष्किंधा काण्ड में अयोध्या का उल्लेख, वन प्रदेशों का उल्लेख के आलवा किष्किंधा का उल्लेख है। राम और रावण के युद्ध को लंका काण्ड नाम दिया गया जबकि सुंदरकाण्ड इन सारे पहलुओं से पृथक है ओर यह नाम सर्वथा उच्चासन पर होने से अन्य किसी कथा या प्रसंग सुंदरकाण्ड के आसन पर आसीन नही हो सका है। सुंदरकाण्ड में सभी के चरित्र है विशेषकर इसमें सीता ओर हनुमान की कथा सुंदर है। सीता शक्ति है ओर राम शक्तिमान है।शक्ति ओर शक्तिमान के अनन्य भक्त हनुमान है। शक्तिस्वरूप सीता का हृदय श्रीराम को नहीं छोड़ सकता है। राम के सौंदर्य को लेकर सीता त्रेलोक्य सुंदरी है अतएव राम ही सीता बनकर सुंदर हो रहे है। रामतापनीय उपनिषद में कहा गया है:- यो वै श्रीरामचन्द्ररूस भगवान, या जानकी भुभूर्वः। स्वस्तस्ये वै नमो नमः। श्रीराम साक्षात भगवान है ओर देवी जानकी रमा है। राम ही जानकी है, इसीलिए राम के सौंदर्य में ही राम मानस-सरो-भरालिका सौंदर्य है। सुदरकाण्ड में जिस कुंतलाकुल कपोलसुंदरी सीता के रूप गुण का विकास है, वह क्या जाग्रत क्या स्वप्न, सर्वदा श्रीराम के चरण कमलों में सब कुछ समर्पित है इसलिए कहा गया है:- सुंदरे सुंदरों रामः। वाल्मिकी जी द्वारा रचित सुंदरकाण्ड में हनुमान के चरित्र को प्रधानता देते हुए उच्च शिखर पर रखा गया और हनुमान के समक्ष रावण की तुलना करते हुए रावण को अति तुच्छ मानकर कहा है- न मे समा रावणकोटयोधमाः रामस्य दासोंहमपारविक्रमः। रावण जैसे करोड़ों अधम मेरी समता नहीं कर सकते। मैं श्रीराम का दास हूँ। अतः मेरे पराक्रम का कोई थाह नहीं पा सकता है। राम का दास होने के कारण मुझमें अपार विक्रम है। दास होने से जहां इतना शौर्य प्रस्फुटित हो उठता है, वहाँ भक्त का सौंदर्य भगवान का ही है। इसी से सुंदरे सुंदरों रामः कहा गया है। सुंदरे सुंदरों रामः का अर्थ तो यहा प्रगट हो गया किन्तु सुंदर में सभी सुंदर है इसका अभिप्राय समझने के लिए कथा के मूल में हनुमान ओर सीता के समस्त गुण विकास को समझना होगा तभी सुंदरकाण्ड के सुंदर होने का रस्वास्वादन प्राप्त हो सकेगा। सुंदरकाण्ड में सुदर क्या है हनुमान का स्वरूप जो भीमाकर कर लिया है जो अगाध गगनाकार सागर को लांघने के लिए है। शत योजन सागर को पार करते समय देवताओं ने उनकी परीक्षा लेने सुरसा को विघ्न बनाकर प्रस्तुत किया जो उन्होंने अपने बुद्धिबल से सुरसा की परीक्षा पास करने के लिए सुरसा के शरीर के आकार से दुगुना चौगुना रूप धरने के बाद उनके मुख से वापस आकर विदा मांगी। मैनाक पर्वत समुद्र से आ जाना ओर हनुमान से कहना कि थक गए होंगे विश्राम कर ले ओर कुछ भोजन ग्रहण कर ले तब हनुमान द्वारा कहना कि राम काज किन्हे बिना मोहि कहां विश्राम। मैं राम के काम से जा रहा हूँ इस समय मुझे भोजन ओर विश्राम के लिए समय नहीं है। मुझे शीघ्र जाना है, हनुमान की बात सुनकर मैनाक पर्वत सागर में लौट जाता है। हनुमान सागर लांघते आगे बढ़ते हैं तभी एक निशाचर जो आकाश में उड़ने वाले पक्षियों जीव-जन्तुओं की परछाई सागर के जल में पड़ते ही उनकी परछाई पकड़ उन्हें खा जाती है वह राक्षसी हनुमान की परछाई पकड़ लेती है हनुमान जी तुरंत उसे मारकर समुद्र पार कर लंका पहुचते हैं। जिसपर तुलसीदास जी सुंदर शब्द का दूसरी बार प्रयोग कर लिखते है कि - कनककोट विचित्रा मनि कृत सुन्दरायतना घना अर्थात लंका का वह सोने का परकोटा रंग विरंगी मणियों से जड़ा है जिसके अतिसुंदर घर है। लंका पहुचकर हनुमान जी द्वारा दक्षिण किनारे से त्रिकुट शिखर पर चढ़कर लंकापुरी को देखना, संध्याकाल मसक/मच्छर के समान सूक्ष्म शरीर धारण कर लंका में प्रवेश करते समय राक्षसीवेश धारण करने वाली लंकिनी को घूंसा मारकर रक्तरंजित करना तथा लंकिनी द्वारा हनुमान को लंका के विनाश के प्रसंग सुनकर शुभ संकेत देना सुंदर ही तो है जिसका विस्तार से पढ़ने के बाद सुंदरकाण्ड के अन्य प्रसंगो का सुंदरतम वर्णन से सभी आभिभूत होते है ओर हनुमान के द्वारा उनके मार्ग में बाधक बनी तीन स्त्रियों के साथ अपनाए गए व्यवहार उनकी बुद्धि का प्रमाण है जहा वे पहली स्त्री सुरसा के सामने विनय करते है, दूसरी स्त्री सिहिंका को यमलोक पहुचाते है ओर लंका को एक मुसठिका मारकर ठीक करते है।

सुंदरकाण्ड के कथा वर्णनों में माता सीता की खोज में हनुमान लंका के हर महल ओर घरों का अन्वेषण करते हैं। गोस्वामी जी लिखते है मंदिर मंदिर प्रति करि सोधा, देखे जहं तहं अगनित जोधा। गयउ दसानन मंदिर माहीं, अति विचित्र कहि जात सो नाही। हनुमान ने हर घर जिन्हे मंदिर कहा गया है में सीता की तलाश की परंतु उन्हे असंख्य योद्धा दिखे। रावण के महल में भी देखा जो विचित्र बना हुआ था जहा भी सीता नही दिखी। तब हनुमान को एक सुंदर घर दिखा जिसमे रामनाम अंकित था तुलसी की पुजा होती थी तब उन्होने सोचा यहा निश्चरों के बीच कौन सज्जन पुरुष है लंका निसिचर निकर निवासा, इहाँ कहाँ सज्जन कर बासा। मन महु तरक करें कपि लागा, तेही समय विभिसनु जागा। हनुमानजी ने ब्रम्हण का वेश धर कर विभीषण से मिले जहां से उन्हें सीता माता के अशोक वाटिका में होने कि जानकारी मिली ओर वे सीतामाता से मिलने के लिए अशोक वाटिका कि ओर चल दिये।

***एकवेण्णी कृशां दीनां मलिनाम्बरधारिणिम।***
***भूमौ शयानां शौचंती रामरामेति भाषिनिम॥***

हनुमान जी ने अशोकवाटिका में अशोक वृक्ष के नीचे पृथ्वी पर माता जानकी को देखा,मानो कोई देवांगना एक वेणी धारण किए हुये है ओर उसका शरीर अत्यंत दुर्बल हो, आकृति दीन थी, वस्त्र मलिन थे ओर चिंतन कि मुद्रा में राम राम कि रट लगाए हुये थी। हनुमान जी ने जनकनंदिनी के दर्शन रात में किए तब बीस भुजा वाले नीलांजन राशि के समान रावण का सीता के पास आना ओर सीता के दर्शन कर अपनी कठोर ओर कटु वाणी बोलना ओर सीता का उत्तर प्रतिउत्तर सुनकर जानकी के वध के लिए रावण का खड़ग उठाना ओर मन्दोदरी द्वारा उसे रोका जाना, रावण का सीता को दो माह का समय देना तथा राक्षसीगण को सीता को भयभीत करने के आदेश के उपक्रम में सीता को उत्पीड़न करना ओर धमकी देना कि मास दिवस महूँ कहा न माना तो मैं मारिब काढ़ि कृपाना।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# चीन की गीदड़ भभकी पर क्यों परेशान हों

चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों का नाम बदलने का एक ऐसा शिफूगा छोड़ा है जिसमें ना आवाज है और न चिंगारियां। फिलहाल यह पहली मर्तबा नहीं हुआ है जब उसने इन जगहों के नाम बदलने की कोशिश की हो। पूर्व में भी वह ऐसी ओछी हरकतें कर भारत को उकसाने का काम किया। उसकी इस गीदड़ भभकी को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पर, सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। दुश्मन चाहे, कमजोर हो या ताकतवर, हल्के में नहीं लेना चाहिए। केंद्र की खुफिया एजेंसियों और अरुणाचल प्रदेश की लोकल इंटेलिजेंस को पैनी निगरानी उन क्षेत्रों पर रखनी होगी, जिनका नाम बदलने का जिक्र किया है। सैन्य पहरा भी जरूरी है क्योंकि यही वो भाग है जिसपर दुश्मन की कई दर्शकों से नजर है।

चीन ने अपने सरकारी अखबार के जरिए जो ये विवादित बात कही है, उसके परिणाम दूरगामी भी हो सकते हैं। क्योंकि इस बार उनकी बाकायदा मीटिंग में नाम तय किए गए हैं। जैसे विपक्ष सालों से आरोप लगाता आया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में घुस गया है। आज से दो वर्ष पूर्व यानी दिसंबर-2021 में भी चीन ने अरुणाचल के विभिन्न जगहों के नाम बदले का कोरा झूठ बोला था। तब हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि चाइना ऐसा करके हमें दिव्य भ्रमित करना चाहता है। अपनी नापाक हरकतों से हमारी नजरें हटाना चाहता था। सोचने वाली बात है, हमसे हजारों किलोमीटर दूर पर बैठे लोग पहले से तय हमारे स्थानों के नाम बदलने की बात करता है। इससे उनके दिमाग का दिवालियापन ही कहा जाएगा। ऐसे तो हमारी सरकार भी दिल्ली में बैठकर शंघाई का नाम संघर्ष नगर रख देगी, तो क्या उससे उसका नाम संघर्ष नगर हो जाएगा। नाम तो नहीं बदलेगा। पर, उपहास जरूर उड़ेगा, जैसा इस वक्त चीन का उड़ रहा है।

नाम बदलने का नया विवाद दरअसल है क्या? इसे आसान थ्योरी में अगर समझें, तो इसे चीन की नापाक चाल ही कहेंगे। उसने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर करीब हमारे 11 अधिकृत स्थानों को अपना नाम दिया है। इसके लिए बाकायदा बीते रविवार को चीनी कैबिनेट की स्टेट काउंसिल मीटिंग आयोजित हुई जिसमें ये सभी प्रस्ताव पारित हुए। अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों को बिंदुवार तरीके से नए नाम रखे गए। क्योंकि इन नामों की पहले से उनके पास सटीक भोगौलिक जानकारियां हैं ही, जिन स्थानों के नाम बदलने की ये घोषणा हुई है उनमें दो रिहायशी इलाके हैं। पांच ऊंचे पर्वतों वाली चोटियां हैं। दो नदियां हैं और दो अन्य क्षेत्र हैं। दोनों नदियों का पानी दोनों ओर गिरता है। फिलहाल हमारे पास ये खबर अभी तक चीन सरकार के मुखपत्र ह्यग्लोबल टाइम्सह्ण के हवाले से आई है। अधिकृत तौर पर उनकी सरकार ने अभी कोई कोई सूचना नहीं दी है और ना ही ऐसे कोई प्रयास किए गए हैं।

गौरतलब है, चीन ने बाकायदा उन स्थानों के अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी भी सूचीबद्ध की है। जबकि, ऐसी ही एक हिमाकत 2017 में भी की थी, जब उसने अरुणाचल के छह स्थानों को अपना बताया था। भारत सरकार ने हमेशा इन हरकतों का प्रतिवाद किया है और करना भी चाहिए। उनको पता है ये उनका मात्र चिढ़ाने वाला तरीका है। जब, कोई लिखित में चिट्ठी या कब्जे की सीधी कोशिशें होगी तो उसका प्रतिकूल और माकूल उत्तर दिया जाएगा। फिलहाल सरकार वेट एंड वॉच की स्थिति में है। बैठक रविवार को हुई थी, दो-तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुगबुगाहट नहीं है, इसका मतलब ये है उन्होंने पहले की तरह सुरसुरी ही छोड़ी है।

अभी कुछ महीने पूर्व की ही बात है जब चीन के इसी सरकारी अखबार के हवाले से ये झूठी खबर प्रकाशित हुई कि उन्होंने गलवान घाटी के आसपास से अपनी फोर्स हटाने का निर्णय ले लिया है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों से भी सेना हटाएंगे। दरअसल, ये उनका कोरा झूठ था, भारत सरकार को भ्रमित करने का ताकि इसके बाद भारत अपनी सेना हटाए और हम चुपके से रात के अंधेरे में धावा बोल दें। देखिए ये बदला हुआ भारत है, अब यहां रात में भी चौकन्ने रहते हैं। हिंदुस्तान 1962 के मुकाबले 2023 में बहुत मजबूत खड़ा है। भारत की सरकार भी कठोर है जिसे चीन भलीभांति जानता और समझता भी है। वरना, अभी तक तो कोई ना कोई गड़बड़ी कर चुका होता। कुछ हरकतें की भी जिसका उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब भी मिला।

चीन को लग रहा है, उनके इस निर्णय पर भारत सरकार में खलबली मचेगी लेकिन ऐसा हुआ बिल्कुल भी नहीं। क्योंकि केंद्र सरकार चीनी मसले पर कोई जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता। केंद्र सरकार अरुणाचल क्षेत्र पर आंच तक नहीं आने देना चाहती। 2017 में जब निर्वासित तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की अरुणाचल यात्रा हुई तब भी चीन ने हंगामा काटा था। चीन ने भारत सरकार पर खूब दबाव बनाया था ताकि भारत उनकी यात्रा रोक दें। यात्रा रोकने के बजाय भारत ने उलटे दलाई लामा की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था में यात्रा को होने दिया और उन्हें राजकीय अतिथि के रूप में प्रोटोकॉल भी दिया। इससे चीन और आगबबूला हो गया। अंदर ही अंदर मन मसोसकर रह गया। उसी दौरान उनके विदेश उप-मंत्री का भारत दौरा था, उन्हें खुन्नस में आकर निरस्त कर दिया।

बहरहाल, केंद्र सरकार चीन की प्रत्येक चाल को कुचलती आई है। नापाक हरकत करने का जरा भी मौका नहीं दे रही है। यही वजह है चीन जो भी कुछ कर रहा है, शंघाई में ही बैठकर। उसे पता है, मैदान में आकर उसे मुंह की ही खानी पड़ेगी। चीन ने भारत के खिलाफ नेपाल और पाकिस्तान को भी उकसा कर देख लिया, उससे भी कोई फायदा नहीं हुआ।

# राजनीति के सांस्कृतिक बदलाव की धुरी बनी भाजपा

1980 के दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब जनसंघ के बाद भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। स्वाधीनता मिले अभी तीन दशक ही हुए थे कि देश भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद और आपातकाल जैसे घावों से छलनी होने लगा था। किसे पता था कि आजादी के बाद जिन्होंने राजनीति का उत्तराधिकार पाया, वे अपनी स्वार्थलिप्सा में इतने कम समय में देश को बबार्दी के कगार पर पहुंचा देंगे।वे सत्ता में बने रहने के लिए तुष्टिकरण का ऐसा भ्रमजाल फैलाएंगे कि राष्ट्रीय अस्मिता भी धूमिल हो जाएऔर राष्ट्र की सच्ची पहचान उनके क्षुद्र राजनीतिकनारों से नष्ट हो जाएगी। परन्तु तत्कालीन राष्ट्रवादी समूहों को इसका भान हो गया था और वे भारतीय राजनीति को सही दिशा देने व एक सम्यक विकल्प देने के लिए आगे आए,तब भाजपा की स्थापना हुई। थोड़ा गहराई में विचार करने से पता चलता है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी राजनीतिक दलों ने वोट बैंक की गुलामी की एक विशेष चादर ओढ़ ली थी। उन दिनों भारत में भारतीयता की बात करना भी जैसे अपराध होता था। भारत में भारतीय संस्कृति, आध्यात्म, धर्म और उसके विविध विषयों की चर्चा को सांप्रदायिक ठहराया जाता था। ऐसी परिस्थिति में भारत की राजनीति को भारतीयता की ओर उन्मुख करने और उसके सांस्कृतिक सरोकारों को राजनीति का केंद्र बनाने के लिए भाजपा की नींव पड़ी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विराट विचार को लेकर 1980 में आज ही के दिन भारतीय जनता पार्टी की विधिवत स्थापना हुई थी। जिसका एक बड़ा लक्ष्य था, भारत की एकात्मता को बचाना। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के द्वारा देश को खंडित होने से बचाने के लिए एकात्म मानववाद के मूल दर्शन पर चलना। एक ऐसा दर्शन जो मनुष्य और समाज के बीच कोई संघर्ष नहीं देखता, बल्कि मनुष्य के स्वाभाविक विकास-क्रम और उसकी चेतना के विस्तार से परिवार, गाँव, राज्य, देश और सृष्टि तक उसकी पूर्णता देखता है। अन्य दलों की तरह भारत को नेशन स्टेट की तरह देखने की बजाय भाजपा ने इसे राष्ट्र माना और कहा कि इसका राष्ट्रवाद सांस्कृतिक है केवल भौगोलिक नहीं। भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्तर्गत गरीबी मिटाना केवल नारा नहीं, उसका संकल्प था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कोई भाषण नहीं, प्रतिबद्धता थी। कश्मीर में 370 की समाप्ति चुनावी जुमला नहीं, राष्ट्रीय एकात्मताका साक्षात संकल्प था। अब से चार दशक पहले बनी भाजपा के लिए अन्त्योदय स्लोगन नहीं, यह गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा करने का सपना था, जिसे पार्टी के किसी भी नेतृत्व ने कभी भी देखना नहीं छोड़ा। 1980 से लेकर अब तकभाजपा के सभी नेतृत्वकर्ता इस सपने को पूर्ण करने में सक्रियरहे हैं। वे उन संकल्पों को साकार करने के लिए दिन-रात अपना श्रेष्ठतम समर्पित करते रहे हैं।वे भावी पीढ़ी को भी इन संकल्पों को साकार करने का सामर्थ्य देते हैं। शोषणमुक्त, समतायुक्त समाज की स्थापना भाजपा का चुनावी मुद्दा नहीं है, यह इसकी मूल दृष्टि है। भारत के सांस्कृतिक मानबिन्दुओं की रक्षा हो, भारत की अखंडता का प्रश्न हो अथवा समाज को समरस रखने की चुनौती हो, सभी मुद्दों पर भाजपा विगत चार दशक से अबाध रूप से अपना संकल्प सिद्ध करती आ रही है। अपने सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी आज 43 साल की यात्रा पूरी कर रही है। इस यात्रा में अनेक बाधाएँ व कठिनाइयां भी आयी हैं परन्तु पार्टी अपने सिद्धांतों व आदर्शों पर अडिग रहते हुए आगे बढ़ती रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उसकी मूल भावना का पालन करते हुए पार्टी ने देश के सभी हिस्सों में जनता का अटूट विश्वास हासिल किया है। आज लोकसभा में 303, राज्यसभा में 93, एमएलए 1420, एमएलसी 150 सहित 16 राज्यों में भाजपा नीत सरकारें हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि सारे देश ने एक दल की विचारधारा को समादृत किया है औरभाजपा के राष्ट्रवादी चिंतन से लोग जुड़ते जा रहे हैं।

# विभाजन की हिंसा

यह विडंबना ही है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष व गंगा-जमुनी संस्कृति वाले देश में पर्व-त्योहारों पर हिंसक घटनाओं का अनवरत सिलसिला थम नहीं रहा है। एक पर्व की शोभायात्रा पर सिर्फ दो दिन के भीतर छह राज्यों में हिंसा का फूटना महज संयोग नहीं कहा जा सकता। महाराष्ट्र के मलाड, बिहार के सासाराम, बिहार शरीफ व नालंदा, वडोदरा से लेकर हावड़ा तक भड़की हिंसा दशार्ती है कि हिंसा के मूल में महज स्थानीय कारक ही शामिल नहीं थे। आशंका जतायी जा रही है कि दो संप्रदायों में विभाजन की कोशिश करके भयादोहन किया जा रहा है। कहीं न कहीं ध्रुवीकरण के जरिये वोटों की फसल सींचने की कवायद जान पड़ती है। विपक्ष जहां इसे राज्य सरकारों की कानून-व्यवस्था बनाये रखने में विफलता बता रहा है, वहीं सत्ता पक्ष उपद्रवियों को भड़काने का आरोप दल विशेष पर लगा रहा है। लेकिन एक बात तो तय है कि कई राज्यों में एक साथ हिंसा का होना महज संयोग नहीं है। जो कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। यूं तो विगत में भी रामनवमी के जुलूस पर पथराव की घटनाएं होती रही हैं। लेकिन ये घटनाएं छिटपुट रूप में सामने आती रही हैं। पिछले साल दिल्ली की जहांगीरपुरी में भी हिंसा हुई थी। लेकिन इस बार कई राज्यों में एक साथ हिंसा का होना गंभीर स्थितियों की तरफ इशारा करता है। देश में विभिन्न पर्व-त्योहार मिल-जुलकर शांति से मनाने की समृद्ध परंपरा रही है। लेकिन हाल के दिनों में कटुता व विद्वेष का यह आलम है कि संशय की दीवार लगातार ऊंची होती जा रही है। जिसके चलते पर्व-त्योहारों पर हिंसा आम घटनाएं होती जा रही हैं। निश्चित तौर पर त्योहारों के दौरान हिंसा का फूटना और उस पर काबू न हो पाना कानून-व्यवस्था की विफलता है, लेकिन राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। चिंता समाज में समरसता को लगातार ग्रहण लगने की भी है।

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



# निकोल किडमैन के साथ

## द परफेक्ट कपल में नजर आएंगे ईशान



बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर नेटफिलक्स पर आने वाली सीरीज द परफेक्ट कपल में हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन के साथ नजर आएंगे। वह द परफेक्ट कपल में दूल्हे के बेस्ट फ्रेंड शूटर दिवाल का किरदार निभाएंगे। द परफेक्ट कपल में लिव श्राइबर, डकोटा फैनिंग और अन्य कलाकार भी हैं। एक्टर ने प्रोजेक्ट की घोषणा इंस्टाग्राम पर की और कैप्शन में लिखा- नई शुरूआत। नेटफ्लिक्स ने भी कास्ट की घोषणा को शेयर किया और ट्वीट किया- द परफेक्ट कपल की कास्टिंग वास्तव में परफेक्ट है। ईशान इससे पहले मीरा नायर की ए सूटेबल बॉय में नजर आए। उन्हें आखिरी बार फिल्म कैटरीना कैफ और सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर फिल्म फोन भूत में देखा गया था।

# मैं आध्यात्म से जुड़ गई हूं, वहां मुझे शांति मिलती है: तनुश्री दत्ता



हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से बाहर होने की वजहें बताई थीं और कहा था कि उन्हें इंडस्ट्री में कॉर्नर कर दिया गया था। अब मीटू मूवमेंट शुरू करने वाली तनुश्री दत्ता ने इस बारे में काफी कुछ बताया है कि कहा कि उन्होंने खुद को अंतरात्मा से खुद को सुकून में रखना सीख लिया है। तनु ने कहा, मीटू के टाइम पर मेरे खिलाफ बी ग्रेड लोगों से पैसे देकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करवाए गए। कई बार ये गिरोह आपके सामने बहुत ही घटिया और नीच टाइम लोगों को सामने खड़े कर देंगे। वो आपके बारे में झूठ और बनी बनाई स्टोरी बनाकर चला जाएगा। कम्प्लेंट भी नहीं कर सकते क्योंकि लॉ एंड ऑर्डर से कुछ नहीं हो सकता। इसमें पुलिस कम्प्लेंट करते अपने आपको ही पागल साबित करेंगे। इसलिए एक्टर्स, डायरेक्टर्स, सिंगर्स सभी मीडिया में आकर अपना दर्द बयां करते हैं। ये सारे हम आउटसाइडर्स ही हैं, आप देखो तो। मैं आध्यात्म से जुड़ गई हूं, वहां मुझे शांति मिलती है। फिजिकली में बॉलीवुड में हूं लेकिन अपने मन से अंतरात्मा से खुद को सुकून में रखना सीख लिया है। अगर मैंने अपने आपको परेशान होने दिया तो उसका अंत सुशांत सिंह राजपूत और बाकी जो लोग गए वैसा ही है। मैं कहना चाहूंगी कि इस युद्ध के बीच भी अपना संयम रखें, ये रावण की लंका जलेगी जरूर बस हनुमान जी की पूंछ की जरूरत है। मैं तो प्रार्थना करती हूं कि हम सबने जो शिकायत किया है उससे हम सबको निवारण मिले प्रभु।



# अगर हम अच्छा नहीं बनाएंगे तो दर्शक घर पर फिल्में देखेंगे : राजकुमार राव

फिल्मों के फ्लॉप होने पर बोले बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने अपने एक दशक से भी लंबे फिल्मी करियर में तमाम तरह की फिल्में हैं। लव सेक्स और धोखा से डेब्यू करने के बाद उन्होंने ट्रैप्ड, स्त्री, शादी में जरूर आना जैसी तमाम मूवीज से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनुभव सिन्हा की फिल्म भीड़ में भूमि पेडनेकर के साथ नजर आए राजकुमार जल्द ही ओटीटी पर भी डेब्यू करने वाले हैं। हम सब चाहते हैं कि लोग फिल्में देखें। हम फिल्में लोगों को दिखाने के लिए ही बनाते हैं। लेकिन फिर भी मैं फिल्म की रिलीज से पहले बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं होता हूं। दरअसल, मेरा ध्यान बॉक्स ऑफिस पर से ज्यादा लोगों के फीडबैक पर रहता है। मैं चाहता हूं कि अगर मेरी फिल्म को दस में से चार लोग भी सिनेमा जाकर देखते हैं और वे कहते हैं कि क्या फिल्म बनाई है, तो यह मेरे लिए अच्छा होगा। बजाय इसके कि दस में से आठ लोग मेरी फिल्म देखकर बोलें कि देख तो ली, लेकिन बहुत बकवास है। मेरी ध्यान उन चार लोगों पर ही है। हालांकि सबकी तरह मैं भी चाहता हूं कि दस में से दस लोग मेरी फिल्म देखें और उसकी तारीफ करें। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोविड के दौरान ओटीटी के चलते लोगों ने इतना इंटरनैशनल सिनेमा देख लिया है कि उन्हें क्वालिटी वर्सेज क्वांटिटी समझ आ गया है। बेशक यह हम एक्टर्स के लिए भी एक सबक है। अब हम दर्शकों को हलके में नहीं ले सकते हैं। अगर हम उन्हें बड़े पर्दे पर कुछ अच्छा कॉन्टेंट या अच्छा एक्सपीरियंस नहीं देंगे, तो वे फिल्में देखने सिनेमाघर नहीं आएंगे और अपने घर पर बैठकर ही फिल्में देखना पसंद करेंगे। यह एक चैलेंज के तौर पर आया है, जिससे लगता है कि हमें अब दर्शकों को कुछ नया देना पड़ेगा।

# मैंने उनसे कहा था कि मुझे एक्टर बनना है तो वो हंस पड़े थे: भुवन अरोड़ा

शुद्ध देसी रोमांस, तेवर, नाम शबाना, बैंक चोर जैसी फिल्मों में नजर आ चुके एक्टर भुवन अरोड़ा इन दिनों वेब सीरीज फर्जी को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली से हैं इसलिए मुंबइया भाषा सीखने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि वो पढ़ने-लिखने में अच्छे नहीं थे। एफटीआईआई से अभिनय का प्रशिक्षण लेकर एक्टिंग जगत में आने वाले एक्टर भुवन अरोड़ा को हमेशा से एक एक्टर ही बनना था। शुद्ध देसी रोमांस, तेवर, नाम शबाना, बैंक चोर, चमन बहार जैसी कई फिल्मों में काम कर चुके भुवन को अपने काम के लिए पहचान मिली हाल ही में रिलीज हुए वेब सीरीज फर्जी के फिरोज के रोल से। इस मुलाकात में वे अपने सफर के बारे में बताते हैं। फर्जी में अपने काम करने के अनुभव के बारे में उन्होंने कहा, सच कहूं तो सेट पर मैं नर्वस नहीं था, क्योंकि नर्वस महसूस कराने वाले लोग नहीं थे। जब मैं इसके लेखक-निर्देशक राज एंड डीके के पास गया तो उन्होंने बता दिया था कि ये दो लड़कों की कहानी है। मैं मानता हूं कि शाहिद कपूर बहुत बड़े स्टार हैं और बहुत अच्छे अभिनेता भी, मगर ये बात राज एंड डीके ने शुरू में ही स्पष्ट कर दी थी कि मेरा और शाहिद का रोल समानांतर होगा। असल में फिरोज का ये रोल मुझे कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा के जरिए मिला।

# नयनतारा ने अपने जुड़वा बेटों के नामों का किया खुलासा

आखिरकार अपने जुड़वा बच्चों के पूरे नामों का खुलासा कर दिया है, जिन्हें उन्होंने सरोगेसी के जरिए जन्म दिया है। नयनतारा एक अवॉर्ड फंक्शन में थीं, जहां उन्होंने अपने जुड़वा बच्चों के नामों के बारे में बताया, जिनके पहले नाम उयिर और उलागम हैं। नयनतारा को अपने जडवां लडकों का पुरा नाम शेयर करने के लिए कहा गया और उन्होंने कहा : मेरा पहला बेटा उयिर रुद्रोनिल एन. शिवन है और मेरा दूसरा बेटा उलाग धैवाग एन. शिवन है। बता दें, जून 2022 में नयनतारा ने फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन से चेन्नई में एक अंतरंग समारोह में शादी की थी। शादी में रजनीकांत और शाहरुख खान जैसे सुपरस्टार शामिल हुए थे। उसी साल विग्नेश शिवन ने इंस्टाग्राम पर यह घोषणा की, कि उन्होंने सरोगेसी केजरिए जुड़वा बच्चों के पिता बन गए हैं।



# मैं शकुंतलम नहीं करना चाहती थी: सामंथा



डायरेक्टर गुण शेखर गारू वो ये फिल्म लेकर आए थे मेरे पास। हालांकि उस वक्त मैं इस तरह की फिल्म के लिए तैयार नहीं थी। वह इसलिए कि मैं उन दिनों 'द फैमिली मैन' की राजी के एक्शन मोड में थी। कई रिएलिस्टिक मोड की फिल्में कर रही थीं। तो मैंने पहले तो शकुंतला को ना कहा। मगर चूंकि मुझे चुनौतियां पसंद रही हैं तो मैंने ना कहने के दो से तीन दिन बाद फिर ऑफर पर विचार किया। साथ ही गुणशेखर गारू ने जो इसका वर्ल्ड क्रिएट किया था, वह कमाल का था। मैं बचपन से डिज्नी की फिल्मों की फैन रही हूं। इसमें बचपन के उस सपने को जीने का मौका था। मुझे किरदार के बॉडी लैंग्वेज पर काम करना पड़ा। वह इसलिए कि शकुंतलम का मतलब ही ग्रेस, पॉज और नजाकत के साथ बातें करने वाली शख्स है। असल में जबकि वह सब मुझ में है ही नहीं। थोड़ी टॉम बॉयिश हूं। तो मुझे गुण शेखर गारू ने उस बॉडी लैंग्वेज की ट्रेनिंग दिलवाई। बाकी गुणशेखर गारू का शकुंतलम को लेकर विजन बहुत क्लियर था। मैं बस उनके विजन को फॉलो करती गई। मैंने हाल ही में पूरी फिल्म देखी है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी उसे देख गर्व महसूस करेंगे। सच कहूं तो अब भी उससे जूझ रही हूं। हर इंसान की अपनी तकलीफें हैं। वो अपने तरीके से उन्हें हैंडल करता है। हालांकि वैसे जुझारू लोगों पर योद्धा होने का ठप्पा लगा दिया जाता है। जबकि ऐसा नहीं होता है। ऐसे कई दिन होते हैं, जहां मैं भी रोना चाहती हूं। गिवअप करना चाहती हूं। मगर लोग अमूमन उन्हीं दिनों के बारे में बात नहीं करना चाहते। असल में जबकि उन दिनों की भी चर्चा करना जरूरी हैं। ताकि आम लोगों को समझ में आए कि जो कठिन दिन और जीवन की कठिन लहरें हैं, उनका सामना कर लिया तो अच्छे दिन यकीनन आएंगे। समय कोई भी हो, वह स्थायी नहीं हो सकता। तो इंतजार करें बुरे समय के गुजरने का, और अच्छे का आने का। यह फिल्म दो घंटे और 20 मिनट की है। उसमें दो घंटे के तो वीएफएक्स शॉट ही हैं। उनसे जानवर और रहस्यमयी जंगल तक क्रिएट किए गए हैं। तो उस माहौल में शूट करना मुश्किल तो था ही। साथ ही हमने कोविड के दौर में शूट किया। लिमिटेड संसाधनों में तीन महीनों में हम शूट कर पाए। तो हमारा सेट काफी क्लोज होता था। कम क्रू मेंबर ही वहां रहता था। तो हमें कई महीने तो उसे शूट करने में लगे। बाकी पूरा वक्त फिल्म के सीजी वर्क में गया।

# प्रियंका के बाद बॉलीवुड पॉलिटिक्स पर खुलकर बोले विवेक

एक्टर विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में एक बार फिर बॉलीवुड और इंडस्ट्री के अंदर चल रही पॉलिटिक्स पर खुलकर बात की। इस दौरान विवेक ने 20 साल पुरानी प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद किया, जिसमें उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई बताई थी। विवेक ने बताया उन्हें खुशी है कि वो उनके साथ हई सभी चीजों से उभर सके हैं। दरअसल, विवेक की तरह हाल ही प्रियंका चोपड़ा जोनस ने इस बात का खुलासा किया था कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में उन्हें किनारे धकेला जा रहा था और उन्हें फिल्मों में कास्ट नहीं किया जाता था। बातचीत के दौरान विवेक ने कहा- 'मुझे खुशी है कि मैं इससे उभर सका। मैं एक तरह की अग्नि परीक्षा देकर ऊपर आया और बच गया। लेकिन हर कोई इतना खुशकिस्मत नहीं होता है। मैं बहुत सी ऐसी चीजों से गुजरा जो बेमतलब थीं। बहुत सारे लोगों की पॉलिटिक्स, बहुत सारे लोगों की लॉबिंग, जिसके बारे में प्रियंका ने भी बात की। दुर्भाग्य की बात है कि यह हमारी इंडस्ट्री की पहचान है। ये बॉलीवुड का डार्क साइड है और मैंने इसे करीब से देखा है। प्रियंका की तारीफ करते हुए विवेक ने कहा- 'उनका किसी दूसरी जगह जाकर काम खोजना कई लोगों के लिए बेहद इंस्पिरेशनल है। वो बाहर गईं और अपने लिए कुछ अलग खोजा, जो उनके करियर का अहम पड़ाव बना। विवेक ने आगे कहा- 'मुझे पता है कि ये बहुत फ्रस्ट्रेटिंग होता है। इस तरह की चीजें आपको बहुत ज्यादा हताश और परेशान कर देती हैं। आप थक जाते हैं। ऐसा तब महसूस हुआ जब फिल्म शूट आउट एट लोखंडवाला में अवॉर्ड विनिंग परफॉर्मेंस देने के बावजूद भी मुझे 14 महीनों तक कोई काम नहीं मिला। बुरे वक्त से गुजर रहा था तब हर वक्त मैं यही सोचा करता था कि मुझे कुछ अलग करना है, जो फिल्म इंडस्ट्री से अलग हो।' बता दें कि एक्टिंग में सक्सेसफुल न होने के बाद विवेक ने सोशल सर्विस और बिजनेस की तरफ ध्यान देना शुरू किया। विवेक ने बातचीत के दौरान ये माना की बॉलीवुड पॉलिटिक्स की वजह से कई बार नए टैलेंट खत्म हो जाता है। विवेक ने कहा- इंडस्ट्री बहुत ही असुरक्षित जगह है। यहां आर्टिस्ट बहुत नाजुक होते हैं, ऐसी सिचुएशन में वो और भी ज्यादा कमजोर जाते हैं।



# फिल्म हलचल के खिलाफ शरद केलकर ने किया था प्रोटेस्ट

लक्ष्मी और गोलियों की रासलीला रामलीला और द फैमिली मैन में दमदार एक्टिंग से पहचान बनाने वाले शरद केलकर ने हाल ही में खुलासा किया कि साल 2004 में आई कॉमेडी फिल्म हलचल में उन्हें कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में उन्होंने फिल्म की डबिंग करने से इनकार कर दिया था। शरद ने बताया कि उन्हें करीना कपूर के साथ एक गाने का सीक्वेंस और सीन्स दिए गए थे, लेकिन सेट पर करीब सप्ताह काम न मिलने के बाद उन्हें अहसास हुआ वो ठगी के शिकार हुए हैं। साइरस ब्रोचा के पॉडकास्ट में शरद ने बताया कि जब उन्हें इस बात का एहसास हुआ कि उनसे झूठ कहा गया है, तो उन्होंने मेकर्स के खिलाफ प्रोटेस्ट किया और फिल्म की डबिंग करने से इनकार कर दिया। मेकर्स ने उस कैरेक्टर की डबिंग किसी और से करवाई। बता दें कि फिल्म में शरद ने सत्येंद्र उर्फ 'सत्तू' मिश्रा का किरदार निभाया था, जो करीना कपूर से शादी करने वाला होता है। लेकिन बाद में करीना को अक्षय खन्ना के किरदार से प्यार हो जाता है। शरद से जब पूछा गया कि हलचल में डॉ सत्तू का किरदार आपको कैसे मिला? तो इसपर उन्होंने कहा- 'मैं 2002 में मुंबई आया था। मैं कुछ मॉडलिंग और एड कर रहा था फिर एक साल बाद वो भी चला गया। उस वक्त मैं फोटोशूट और सभी चीजों को लेकर स्ट्रगल कर रहा था। इस बीच मेरे पास चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर का फोन आया और उन्होंने मुझे कहा कि वो एक फिल्म बना रहे हैं। यह एक मल्टी स्टारर फिल्म है और उन्हें बेहद खास रोल में कास्ट करना चाहते हैं। शरद ने कहा- मैं एक भोला नया लड़का था। मुझे इंडस्ट्री और यहां के कल्चर के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मैंने पूछा कि फिल्म क्या है। उन्होंने बताया कि फिल्म का नाम हलचल है। फिल्म आपके पास एक सगाई का गीत होगा और करीना कपूर के साथ कुछ सीन्स होंगे। शरद ने आगे कहा- मैं इस मौके को लेकर बहुत उत्साहित था भले ही मुझे पता था कि फिल्म के क्लाइमेक्स में मुझे लड़की नहीं मिलेगी। एक न्यू कमर के लिए ऐसा मौका मिलना बहुत खास होता है, ऐसा लगता है कि आप छा जाएंगे। लेकिन कुछ दिनों बाद मुझे ऐसा एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है। मैं सेट पर गया पहले दिन बैठा, दूसरे दिन बैठा था, तीसरे दिन बैठा रहा था। उस वक्त अमरीश पुरी, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, करीना कपूर, अरशद वारसी को देख सकता था। मैं हर किसी से हैरान हैरान होता था और अपनी बारी आने का इंतजार करता था। मुझे हर दिन पैसा मिल रहा था इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं था। लेकिन मैं काम को लेकर रोज सोचा करता था। इंतजार करते-करते शूटिंग को 5 दिन बीत गए। शूट चल रहा था, लेकिन मुझे कोई नहीं बुला रहा था। इस दौरान मुझे अहसास हुआ कि मुझे ठगा गया था। मैंने उनसे कहा मैं डब नहीं करूंगा, जिसके बाद उन्होंने किसी और से डब करवा लिया। स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए शरद ने कहा- मुझे आज भी याद है कि किसी कमजोर आवाज ने मेरे किरदार को डब किया था। कुछ सालों तक मैं यह स्वीकार करने से हिचक रहा था कि मैं फिल्म में था। मुझे बाद में अहसास हुआ कि हर कोई करियर की शुरुआत में ऐसा करता था। इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि शुरुआत में मुझे भी ऐसा करना पड़ा। शरद ने उस असिस्टेंट डायरेक्टर की पहचान बताने से इनकार दिया। उन्होंने कहा कि वो एक बड़े प्रोड्यूसर का बेटा है।





# सेक्शन 84 में नजर आएंगी डायना पेंटी

बॉलीवुड एक्ट्रेस डायना पेंटी रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित अपकमिंग कोर्ट रूम ड्रामा सेक्शन 84 में मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। डायना ने अमिताभ बच्चन और रिभु दासगुप्ता के साथ काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया। डायना ने कहा, सेक्शन 84 मेरे लिए बहुत खास है। न केवल इसलिए कि यह एक दिलचस्प कहानी है, बल्कि इसलिए भी कि महानायक बच्चन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। एक सपना आखिरकार साकार हुआ, रिभु दासगुप्ता का विजन हटकर है और मैं इस फिल्म में उनके साथ सहयोग कर बहुत खुश हूं। मुझे पता है कि यह एक ऐसा अनुभव होने जा रहा है जिसे मैं याद रखूंगी। फिल्म निर्माता रिभु दासगुप्ता की अगली फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा थ्रिलर है। सेक्शन 84 में महान अभिनेता अमिताभ बच्चन लीड रोल में हैं। सेक्शन 84 रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा जियो स्टूडियोज के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है और रिलायंस एंटरटेनमेंट और फिल्म हैंगर द्वारा निर्मित है। फिल्म का लेखन और निर्देशन रिभु दासगुप्ता करेंगे।